mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-1 अंक-114 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़
26 अक्टूबर 2025 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित




इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई

@ पेज 7


## वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका

# सबसे बड़ा जहाजी बेड़ा भेजा; वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइलें तैनात कीं

**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल CNN ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप स्स जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने CIA



को वेनेजुएला में सीक्रेट ऑपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके।




# दिल्ली में एक्यूआई लेवल 400 पार, अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े

## डॉटर्स की सलाह- मास्क लगाकर निकलें; आंध्र प्रदेश में साइलोन मोंथा को लेकर हाई अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीवाली के बाद से दिल्ली-NCR की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में AQI लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है। कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30% की बढ़ोतरी देखी गई है। डॉक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल।

IMD का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 kmph की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इधर,



हिमाचल के लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 2°C तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ।

मैदानी राज्यों में से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तापमान में गिरावट जारी है।

### तमिलनाडु में अगले 2 दिन भारी बारिश का अलर्ट

दबाव के कारण तमिलनाडु के कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों, पुडुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के कारण तमिलनाडु, दक्षिण आंध्र प्रदेश, मन्नार की खाड़ी और कोमोरिन में 35 से 45 kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है।

## छोटे मियां तो छोटे मियां बड़े मियां भी सुभानअल्लाह

# खगड़िया में शाह बोले- लालू और राबड़ी की सरकार आई तो जंगलराज भी आएगा

**मुंगेर, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (25 अक्टूबर) को खगड़िया में ह्ष्ठ कैंडिडेट्स के समर्थन में सभा की। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, बिहार जंगलराज से मुक्त रहे, बहू-बेटियां सुरक्षित रहें। मैं छठ मइया से यही प्रार्थना करता हूं। मुझे लगा था कि छठ पर्व के बीच कौन आएगा, लेकिन पूरा पंडाल भर गया है। ये चुनाव किसी को विधायक और मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है। चुनाव फैसला करने वाला है कि फिर से जंगलराज लाना है या विकास चाहिए। लालू-राबड़ी की सरकार आई तो उसके साथ जंगलराज भी आएगा। ह्ष्ठ की सरकार आई तो विकसित बिहार पूरे भारत में अपना डंका बजाएगा।

शाह ने कहा कि लालू जी ने लैंड फॉर जॉब घोटाला किया। अलकतरा घोटाला किया। छोटे मियां तो छोटे मियां बड़े मिया भी सुभानअल्लाह। लालू जी ने इतने घोटाले किए, कांग्रेस पार्टी की 10 साल सरकार रही। इसमें लालू जी मंत्री थे। इस सरकार में 12 लाख करोड़ का घपला और घोटाला किया। बिहार और केंद्र में जिनका घोटालों का रिकॉर्ड हो वो महागठबंधन, महालठबंधन बिहार का विकास कर सकता है क्या। कभी नहीं कर सकता।



### 4 सूत्रों पर फोकस

हमारी स्पष्ट नीति है- स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई, टाइम पर दवाई, खेत में सिंचाई और हर घर में पानी की सप्लाई। ये चार सूत्रों पर हमारा बिहार अब आगे बढ़ने वाला है।

**जंगलराज की याद दिलाई:** लालू के शासन में हत्या, डकैती, फिरौती, अपहरण, नरसंहार रोज की बात थी। इनके शासन में बिहार से इंडस्ट्री चली गई और बिहार को पिछड़ा बिहार बनाने का काम किया।

**नक्सलवाद से मुक्त हुआ बिहार:** नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने जंगलराज से मुक्ति दिलाई, परिवारवाद को समाप्त किया और सबसे बड़ी बात ये है कि हमने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम किया।

**विकास चाहिए या जंगलराज:** बिहार में ये चुनावी लड़ाई किसी को विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है, ये चुनाव निर्णय करने वाला है कि फिर से जंगलराज लाना है या विकास का राज लाना है। लालू-राबड़ी की सरकार में सिर्फ जंगलराज आएगा और एनडीए की सरकार में विकसित बिहार पूरे भारत में अपना डंका बजाएगा।

**घुसपैठियों को देश से बाहर करेंगे:** कांग्रेस की सरकार में आतंकी हमले होते थे। लोग सुरक्षित नहीं थे। मोदी ने आतंकियों को घर में घुसकर मारा है। देश सुरक्षित हाथों में है। राहुल बाबा ने हाल में घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली थी।

## खगड़िया में तेजस्वी बोले-मुद्दे की बात करनी है,बंटना नहीं है

# नीतीश सरकार चलाने लायक नहीं, आप तय कीजिए बाहरी सरकार चलाएंगे या बिहारी

**खगड़िया, एजेंसी।** खगड़िया में तेजस्वी ने कहा, नीतीश चाचा की उम्र हो गई है। वो सरकार चलाने लायक नहीं रह गए। बीजेपी वालों ने उन्हें हाईजैक कर लिया है। वही सरकार चला रहे हैं। अब प्रदेश को बिहार का लाल चलाएगा या बाहरी चलाएगा, ये आपको तय करना है।खगड़िया की जनता इस बार भाजपा को रिजेक्ट कर देगी। ये लोग हिंदू-मुस्लिम करेंगे, लेकिन तेजस्वी के साथ पिछड़ा, दलित, अपर कास्ट सब हैं। हमें मुद्दों की बात करनी है, बंटना नहीं है। छठी मइया से प्रार्थना है कि सबका दुख हर ले और बेईमानों को सत्ता से उखाड़ फेंके।

इस दौरान नीतीश कुमार और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, जल-जमाव से खगड़िया परेशान रहता है। यहां ड्रेनेज की कोई व्यवस्था नहीं है। 20 साल से नीतीश कुमार की सरकार है, लेकिन कोई काम नहीं हुआ। अमित शाह बोलते हैं बिहार में फैक्ट्री नहीं लग सकती क्योंकि यहां जमीन नहीं है। वो केवल गुजरात का विकास करेंगे। परबत्ता विधानसभा क्षेत्र भगवान हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी यादव ने सभा को संबोधित किया। बता दें राजद ने यहां से डॉ. संजीव कुमार को उम्मीदवार बनाया है। संजीव कुमार जदयू से पहले विधायक थे।



### हमारे कहने पर नीतीश चाचा ने पेंशन बढ़ाई

ये नकलची सरकार है। पहले पेंशन बढ़ाने का ख्याल नहीं आया, जब हमने कहा तो हड़बड़ी में पेंशन की राशि बढ़ाकर 11 सौ कर दी। ये विजन लेस लोग हैं, इन्हें नकल करनी भी नहीं आती है। 10 हजार रुपए के तौर पर बीजेपी घूस दे रही है। आप बताइए 10 हजार से कौन सा कारोबार शुरू होगा। हमारी सरकार आई तो हर महीने माई बहन योजना के तहत ढाई हजार रुपए मिलेंगे।

### तेजस्वी युवाओं को बेरोजगार नहीं देख सकता

हमारे नौजवान जिनके पास डिग्री है, तेजस्वी उसे बेरोजगार नहीं देख सकता, उनका दर्द नहीं देख सकता है। हमने जो कहा वो किया, और जो कह रहे हैं, वो करेंगे। तेजस्वी की उम्र कच्ची हो सकती है, जुबान पक्की है।

**सरकार बनी तो 20 दिन के अंदर सरकारी नौकरी देंगे:** 14 नवंबर को महागठबंधन के पक्ष में फैसला दीजिए। मैं वादा करता हूं, 20 दिन के अंदर कानून बनाकर जिस घर में सरकारी नौकरी नहीं है। उसे नौकरी देने का काम करेंगे। लोग पूछ रहे हैं कहां से देगा-कहां से देगा। 2-4 दिन में मैं ये भी बता दूंगा। मैं टूटी-फूटी-झूठी बातें नहीं करता। बिहार बदलेगा, यहां कारखाना भी लगेगा, उद्योग भी आएगा। अच्छा अस्पताल भी बनेगा।

### महाराष्ट्र डॉक्टर आत्महत्या केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार



**सातारा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सातारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डॉक्टर का सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डॉक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रशांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है।

डॉक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है।

हथेली पर सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने का नाम भी लिखा था। आरोप है कि बदने ने पिछले 5 महीने में 4 बार डॉक्टर का रेप किया। बदने भी आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहा था।

**डॉक्टर ने लिखा- सांसद के दो पीए अस्पताल आए-** गोपाल बदने भी रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सतारा के SP को आरोपी सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। महिला डॉक्टर बीड जिले की रहने वाली थी और फलटण तहसील के सरकारी अस्पताल में काम करती थी।

पुलिस को 4 पेज का एक और सुसाइड नोट मिला है। जिसमें एक सांसद और उसके दो PA का नाम है।



# 'बेबस यात्री एनडीए की छल वाली नीतियों का सबूत', बिहार जाने वाली ट्रेनों में भीड़ को लेकर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को बिहार जाने वाली ट्रेनों में भीड़ को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि बिहार जाने वाली ट्रेनें पूरी तरह भरी हुई हैं, टिकट मिलना लगभग असंभव है और यात्रा अमानवीय बन गई है। उन्होंने कहा कि ये बेबस यात्री एनडीए सरकार की छल भरी नीतियों और इरादों का जीता-जागता सबूत हैं। राहुल ने कहा कि सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा कोई एहसान नहीं, बल्कि एक अधिकार है।

**राहुल बोले- त्योहारों पर घर लौटना बना संघर्ष :** राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, त्योहारों का महीना है - दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्योहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है- मिट्टी की खुशबू, परिवार का स्नेह, गांव का अपनापन। लेकिन यह लालसा अब एक संघर्ष बन चुकी है। बिहार जाने वाली ट्रेनें ठसाठस भरी हैं, टिकट मिलना असंभव है, और सफर अमानवीय हो गया है। कई ट्रेनों में क्षमता से 200ल्व तक यात्री सवार हैं। लोग दरवाजों और छतों तक लटके हैं।



**विशेष ट्रेनों के एलान पर उठाए सवाल:** कांग्रेस नेता ने आगे कहा, फेल डबल इंजन सरकार के दावे खोखले हैं। कहां हैं 12,000 स्पेशल ट्रेनें? क्यों हालात हर साल और बदतर ही होते जाते हैं? क्यों बिहार के लोग हर साल ऐसे अपमानजनक हालात में घर लौटने को मजबूर हैं? अगर राज्य में रोजगार और सम्मानजनक जीवन मिलता, तो उन्हें हजारों किलोमीटर दूर भटकना नहीं पड़ता।

राहुल ने कहा कि ये सिर्फ मजबूर यात्री नहीं, एनडीए की धोखेबाज नीतियों और नीयत का जीता-जागता सबूत हैं। यात्रा सुरक्षित और सम्मानजनक हो यह अधिकार है, कोई एहसान नहीं।

# नवंबर से मोर्चा संभालेगी भैरव बटालियन, लौंगेवाला जाकर पहली सैन्य टुकड़ी से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ



**जैसलमेर, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार (24 अक्तूबर) को राजस्थान के पश्चिमी मोर्चे पर लौंगेवाला युद्धक्षेत्र में सैनिकों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने लौंगेवाला युद्धभूमि का दौरा किया और वहां आयोजित 'थार शक्ति अभ्यास' के दौरान सैनिकों से संवाद किया। राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की नई गठित 'भैरव बटालियन' के जवानों से भी भेंट की।

**भैरव बटालियन से रक्षा मंत्री की मुलाकात :** दरअसल, भैरव बटालियन 1 नवंबर से भारतीय सेना में आधिकारिक रूप से तैनात होने वाली है। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। भैरव बटालियन घातक हमलों और उच्च-तीव्रता वाले युद्ध अभियानों के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित है। ऐसे में राजनाथ सिंह ने भैरव बटालियन के जवानों के साथ गर्मजोशी से बातचीत की।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बटालियन के प्रशिक्षण और तैनाती की भी समीक्षा की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ इस दौरान रक्षा मंत्री के साथ थे।

### 1 नवंबर को भैरव बटालियन की तैनाती

हाल ही में भारतीय सेना के महानिदेशक (इन्फैंट्री) लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया था कि भारतीय सेना की पहली भैरव बटालियन 1 नवंबर को तैनाती के लिए तैयार हो जाएगी। अगले छह महीनों में विभिन्न शाखाओं से 250 कर्मियों वाली कुल 25 ऐसी बटालियनें बनाई जाएंगी। ये बटालियनें विशेष बलों और सामान्य पैदल सेना बटालियनों के बीच की खाई को पाटेंगी। ये जवान विभिन्न शाखाओं से होंगे, जिनमें पैदल सेना, तोपखाने, सिग्नल और वायु रक्षा शामिल हैं।

### जैसलमेर में थार शक्ति अयास

जैसलमेर में दो दिवसीय दौरे पर रहे राजनाथ सिंह ने लौंगेवाला बॉर्डर पोस्ट पर थार शक्ति अभ्यास देखा, जहां सैकड़ों सैनिकों ने रेगिस्तानी इलाके में आधुनिक युद्धक कौशल और समेकित युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में रोबोटिक म्यूल्स, ड्रोन, रोबोट कुत्ते, एटर N1200 वाहन, टैंक और हेलीकॉप्टर जैसे आधुनिक प्लेटफॉर्म शामिल थे, जो तकनीक-संचालित युद्ध पर भारत के बढ़ते ध्यान को दर्शाते हैं।

### आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए रक्षा मंत्री

इसी के साथ रक्षा मंत्री ने जैसलमेर में आयोजित आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में भी भाग लिया, जहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ ग्रे ज़ोन वॉरफेयर, आत्मनिर्भरता, जॉइंटनेस और इनोवेशन जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान रक्षा मंत्री ने सेना से जुड़े कई महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने नमन सेंटर, सैनिक यात्री मित्र एप और इक्विपमेंट हेल्पलाइन एप लॉन्च किए।

## केसगढ़ साहिब में जत्थेदार गड़गज की फिर दस्तारबंदी



**श्री आनंदपुर साहिब,एजेंसी।** पंजाब में ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज को श्री अकाल तख्त साहिब का कार्यकारी और श्री केसगढ़ साहिब का जत्थेदार नियुक्त किए जाने के बाद पैदा हुआ विवाद समाप्त हो गया। शनिवार को पंथक रीति-रिवाजों को आधार बनाकर जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज की एक बार फिर से दस्तारबंदी की गई।श्री केसगढ़ साहिब में हुए कार्यक्रम में पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह और निहंग जत्थेबंदियों ने भी ज्ञानी गड़गज को पगड़ी पहना सम्मान दिया। इसी के साथ सिख संगठनों की तरफ से बीते तकरीबन 8 महीनों से चला आ रहा विवाद भी खत्म हुआ।

उल्लेखनीय है कि पहले SGPC ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी, गुरु पंथ और संगत की हाजिरी के बिना ही 10 मार्च को जत्थेदार गड़गज की दस्तारबंदी कर दी थी।

# मंडला में स्कूल ड्रेस में शराब खरीदने पहुंची छात्राएं

### ● एसडीएम ने कहा- दुकानदार ने बच्चियों को शराब बेची; आबकारी अधिकारी बोले- उम्र की जांच करेंगे

**मंडला, एजेंसी।** मंडला जिले के नैनपुर में छात्राएं स्कूल ड्रेस में शराब खरीदने पहुंची। दुकानदार ने उन्हें शराब बेच भी दी। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने दुकान का निरीक्षण किया।

वीडियो में नजर आ रहा है कि कुछ छात्राएं स्कूल ड्रेस में शराब की दुकान के सामने पहुंचती हैं। इससे पहले वे अपने सिर पर दुपट्टा डाल लेती है। काउंटर से शराब खरीदने के बाद वहां से चली जाती हैं। एसडीएम ने स्कूली छात्राओं के शराब खरीदने की पुष्टि की है। आबकारी अधिकारी रामजी पांडे ने बताया कि शराब खरीदने वाली लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम है या अधिक, इसकी जांच की जाएगी। अवयस्क को शराब बेचना जीएलसी (जनरल लाइसेंस कंडीशन) का उल्लंघन है। पूरा प्रकरण तैयार कर निर्णय के लिए कलेक्टर को भेजा जा रहा है।



### पूर्व विधायक ने सरकार को कोसा

इस मामले ने अब राजनीतिक रंग लेना शुरू कर दिया है। पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.अशोक मर्सकोले ने घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने इसे प्रदेश सरकार और आबकारी विभाग की बड़ी लापरवाही बताया। डॉ. मर्सकोले ने कहा कि जिस समय इन बच्चियों को विद्या के मंदिर में होना चाहिए, वे अंग्रेजी शराब दुकान से शराब खरीद रही हैं।

# निगमकर्मियों की हड़ताल से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा, नियंत्रण में देरी से परिणाम होंगे गंभीर



**नई दिल्ली, एजेंसी।**एमसीडी के एमटीएस कर्मियों की हड़ताल से राजधानी में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। घरों व अन्य परिसरों में मच्छरों के लार्वा की जांच नहीं हो पा रही है। वहीं, लोगों को जागरूक करने का कार्य भी ठप हो गया है। एमटीएस कर्मचारी 29 सितंबर से हड़ताल पर जाने के साथ-साथ एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर के समक्ष धरना दे रहे हैं।

एमटीएस की हड़ताल शुरू होने से पहले 27 सितंबर तक मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रति सप्ताह लगभग 9.5 लाख घरों का निरीक्षण चल रहा था। इस दौरान करीब 11 हजार परिसरों में मच्छर का लार्वा मिला था। जागरूकता गतिविधियों के जरिए लोगों को घरों और आसपास की साफ-सफाई पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया जा रहा था।

लेकिन एमटीएस की हड़ताल से 11 अक्तूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह करीब 75 हजार घरों की ही जांच हो सकी। इनमें केवल 1,100 परिसरों में लार्वा मिला। वहीं 18 अक्तूबर को जारी रिपोर्ट में देखा गया कि 12 से 18 अक्टूबर के बीच सिर्फ 73 हजार परिसरों की जांच हो पाई, जिसमें लगभग 1,000 परिसरों में ही लार्वा पाया गया।

अब मच्छरजनित बीमारियों के मामलों में भी इजाफा दर्ज किया गया। एमसीडी की रिपोर्ट के अनुसार, 27 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के 121 मामले सामने आए थे। 18 अक्तूबर को समाप्त हुए सप्ताह में इन मामलों की संख्या बढ़कर 149 हो गई।

## दिल्ली में सबसे बड़ी साइबर ठगी, रिटायर्ड बैंकर को 6 सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट कर 22.92 करोड़ उड़ाये

**दिल्ली ,एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के गुलमोहर पार्क में रहने वाले सेवानिवृत्त बैंकर को डिजिटल अरेस्ट कर 22.92 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। अपराधियों ने पीड़ित को छह सप्ताह तक डिजिटल कैद में रखा। पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से अशोक, मोहित, अमित, समरजीत और कनकपाल को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन बैंक खाता धारक, एक बिचौलिया और एक एनजीओ संचालक शामिल है। पुलिस का कहना है कि यह दिल्ली का अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट का मामला है और इसके तार कंबोडिया में बैठे चीनी साइबर अपराधियों से जुड़े हैं। ठगों ने पहले एक महिला के जरिये मल्होत्रा को फंसाया, जिसने खुद को एक दूरसंचार कंपनी की वरिष्ठ अधिकारी बताया। उसने आरोप लगाया कि पीड़ित का मोबाइल नंबर अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। इसके बाद मुंबई पुलिस, प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई अधिकारी बनकर कई अन्य ठग वीडियो कॉल पर सामने आए और जांच के नाम पर उन्हें मानसिक रूप से कैद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, ठग हर दो घंटे में वीडियो कॉल करते थे ताकि पीड़ित कहीं संपर्क न कर सके। उन्हें गोपनीयता की शपथ के नाम पर एक सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा कर उसकी फोटो व्हाट्सएप पर मंगाई गई थी। जांच में खुलासा हुआ है कि ठगों ने उत्तराखंड के एक गांव में एनजीओ चलाने वाले कनकपाल को कमीशन के लालच में अपने नेटवर्क से जोड़ा।

## मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा में सीवर लाइन, सड़क और ड्रेनेड सिस्टम के कार्यों का किया शुभारंभ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा के वैशाली एन्कलेव में नई सीवर लाइन, नई सड़क और ड्रेनेज सिस्टम के कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही सीवर की सफाई के लिए नई मिनी रीसायक्लर मशीनों की सौगात भी दी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी सरकार दिल्ली के हर क्षेत्र का विकास अगले 20 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर कर रही है। अब काम केवल मरम्मत का नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ने का है। पिछले आठ महीनों में दिल्ली ने अपनी सालों पुरानी समस्याओं से राहत महसूस की है। जहां पहले मिंटो ब्रिज पर पानी भरता था, वहां अब ट्रैफिक बिना रुके चलता है। जहां कभी यमुना किनारे गंदगी थी, वहां अब भव्य छठ महापर्व की तैयारी हो रही है। देसी पेड़ों और हरियाली की नई परंपरा शुरू हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली का हमारा विजन स्पष्ट है, हर वार्ड में स्वच्छ जल निकासी, हर गली में मजबूत सड़क, हर घर तक शुद्ध पानी, और हर नागरिक के लिए विकसित, सुंदर और हरी भरी राजधानी।

## बदमाश को मारने आए हमलावरों ने दो महिलाओं को मारे चाकू, एक की मौत... दूसरी का चल रहा है इलाज



**दिल्ली, एजेंसी।**आदर्श नगर में बृहस्पतिवार रात हमलावरों ने दो महिलाओं पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को पास के अस्पताल में लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने 30 साल की निर्मला उर्फ बंगालन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी महिला फिरोजी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह बयान देने की हालत में नहीं है। पुलिस ने हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी की मदद से एक नाबालिग समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 9-30 बजे आदर्श नगर थाने की पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान बीट स्टाफ को सब्जी मंडी ट्रांसपोर्ट पार्किंग क्षेत्र के पास एक महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली, उसके शरीर पर चाकू के घाव थे।

वहीं, पास ही एक अन्य महिला फिरोजी भी घायल अवस्था में पड़ी मिली। पुलिस ने दोनों महिलाओं को बाबू जगजीवन राम लेकर गई। जहां एक महिला निर्मला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी का इलाज चल रहा है। वह बयान देने की हालत में नहीं थी। इनके पास से मिले पहचान पत्र के जरिये पता चला कि दोनों खजूरी खास इलाके की रहने वाली है।

पुलिस ने घटनास्थल के आस पास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज के जरिये पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर ली। शुक्रवार को पुलिस ने हमले में शामिल एक नाबालिग समेत तीन हमलावरों को पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उसे विक्की ने फिरोज पर हमला करने के लिए भेजा था। विक्की का आलम के साथ पुरानी रंजिश चल रही है।

फिरोज आलम के साथ काम करता है। आलम इलाके में वेश्यावृति से लेकर अन्य तरह के गलत काम करवाता है। बृहस्पतिवार रात वह फिरोज की तलाश में वहां पहुंचे थे। वहां फिरोज नहीं आया, लेकिन उनके साथ काम करने वाली दो महिला वहां पहुंची।

फिरोज के बारे में पूछने पर महिलाओं से उनकी कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर महिलाओं पर हमला कर भाग गए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच जारी है और आरोपियों के दिए बयान की पुष्टि के लिए जांच करने के साथ साथ मुख्य आरोपियों की धर पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

## दिल्ली एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल-2 का नागर विमानन मंत्री ने किया उद्घाटन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) के पुनर्निर्मित टर्मिनल-2 (टी2) का उद्घाटन किया। यह रविवार से यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगा।

राममोहन नायडू ने इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 6 महीने से इसके नवीनीकरण का काम चल रहा था। उन्होंने कहा कि दिल्ली आज सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण हवाई अड्डा है, जो 8 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करता है और ये देश के अंदर और बाहर 157 गंतव्यों को जोड़ता है। सेवाओं को बेहतर बनाने और भविष्य के लिए अधिक उपयोगी बनाने को लेकर लगातार विचार किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि भारत जल्द दुनिया के सबसे बड़े नागरिक विमानन तंत्र में से एक बन सकता है।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर यंगून से आई महिला के पास मिले सोने के छह बिस्किट, धातु जब्त... पूछताछ जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों को एक महिला के पास से सोने छह बिस्किट मिले हैं। इनका वजन करीब एक किलो है। सोना जब्त कर लिया गया है और महिला से पूछताछ की जा रही है। नकारी के अनुसार इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर दिल्ली सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को उड़ान संख्या 8एम 620 से यांगून से आ रही एक महिला यात्री को रोका। यात्री को ग्रीन चैनल से बाहर निकलने की कोशिश करते समय रोका गया, जो उन लोगों के लिए है जिनके पास घोषित करने के लिए कोई शुल्क योग्य सामान नहीं है। क्तिगत तलाशी लेने पर, अधिकारियों ने यात्री के अंतर्वस्त्रों में छिपाकर रखे गए 997.5 ग्राम वजन के छह सोने के बिस्किट बरामद किए। बरामद सोने को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

## पानी से भरे प्लॉट में डूबकर छह साल की बच्ची की मौत, खेलने के लिए घर से निकली थी... फिर न हो सकी वापसी




**दिल्ली, एजेंसी।**प्रेमनगर के रामा विहार इलाके में पानी से भरे प्लॉट में डूबने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की शिनाख्त प्रियांशी के रूप में हुई है। घटना के समय बच्ची घर से खेलने के लिए निकली थी और उसके बाद गायब हो गई थी।

पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 23 अक्तूबर की शाम छह बजे रामा विहार निवासी मनोज कुमार ने 112 नंबर पर अपनी छह साल की बेटी प्रियांशी के गायब होने की शिकायत की। चना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मनोज ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी शाम को घर से खेलने के लिए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन वह नहीं मिली। छानबीन के दौरान पुलिस ने पाया कि मनोज के घर के पास का इलाका जलमग्न था। वहां खाली प्लॉट में जलभराव था।

पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर वहां की तलाशी ली। कुछ देर बाद बच्ची का शव पानी में तैरता हुआ मिला। पानी से निकालने के बाद पुलिस बच्ची को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि माता-पिता और रिश्तेदारों ने पोस्टमार्टम कराने में अनिच्छा दिखाई लेकिन बाद में वह मान गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिवारवालों ने बताया कि मनोज जूता की फैक्टरी में काम करता है। प्रियांशी पहली कक्षा में पढ़ती थी। मनोज का परिवार चार माह से किराये के मकान में रह रहा है।

## न्यूयॉर्क मेयर चुनाव के लिए कुछ ही देर में शुरू होगा मतदान

### भारतीय मूल के ममदानी हैं प्रमुख दावेदार



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में मेयर चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। इस चुनाव पर पूरे अमेरिका की नजर है। इस चुनाव में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार है और मेयर पद के तगड़े दावेदार हैं। न्यूयॉर्कवासी शनिवार से लेकर 2 नवंबर तक मतदान कर सकेंगे। मुख्य मतदान 4 नवंबर को होना है और नए साल पर विजेता मेयर पद संभालेगा। विभिन्न पोल्स में जोहरान ममदानी को 47 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है और वे एंड्रयू कुओमो से 18 पॉइंट्स आगे हैं। तीसरे स्थान पर रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस सिल्वा हैं, जिन्हें 16 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल है।

**ममदानी और एंड्रयू कुओमो के बीच मुख्य लड़ाई:** 34 साल के ममदानी, राजनीतिक गुमनामी से निकलकर सबसे पसंदीदा उम्मीदवार बन गए हैं। ममदानी की लोकप्रियता इस कदर बढ़ गई है कि राष्ट्रपति ट्रंप भी उनके खिलाफ बयानबाजी करने से खुद को नहीं रोक पाए। न्यूयॉर्क में बढ़ती महंगाई एक प्रमुख मुद्दा है और जोहरान ममदानी ने लोगों को सस्ते घर और महंगाई पर काबू करने का ही वादा किया है। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में मुख्य मुकाबला डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट उम्मीदवार जोहरान ममदानी और न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो के बीच ही है। न्यूयॉर्क के मौजूदा मेयर एरिक एडम्स मेयर पद की रेस से हट चुके हैं और उन्होंने एंड्रयू कुओमो को अपना समर्थन देने का एलान किया है।

**ट्रंप से तालमेल भी बड़ी चुनौती:** जोहरान ममदान के लिए जहां अपने सस्ते घरों और महंगाई काबू करने जैसे वादों को पूरा करने की चुनौती होगी, वहीं राष्ट्रपति ट्रंप से तालमेल बिठाने में भी उन्हें खासी मशक्कत करनी पड़ सकती है। दरअसल ममदानी ने वादा किया है कि अगर वे मेयर चुने जाते हैं तो न्यूयॉर्कवासियों को बस यात्रा और बच्चों की देखभाल मुफ्त होगी। इस पर ट्रंप ने कड़ी नाराजगी जताई है और कहा कि %मैं न्यूयॉर्क के प्रति उदार रहा है, भले ही वहां मेरा विरोध हुआ हो, लेकिन मैं किसी वामपंथी आदमी के प्रति उदार नहीं रहूंगा, जो पैसे को बर्बाद करेगा।% ट्रंप ने न्यूयॉर्क का संघीय फंड रोकने की भी धमकी दी। हालांकि ममदानी ने ट्रंप के साथ सहयोग की इच्छा जाहिर की है।

ममदानी के कैंपेन को शुक्रवार को उस वक्त और मजबूती मिली, जब डेमोक्रेट पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद हकीम जेफ्रीज ने भी ममदानी को समर्थन देने का एलान कर दिया। वामपंथी सांसद बर्नी सैंडर्स और एलेक्जेंड्रिया कोर्टेज आदि कई अन्य नेताओं ने भी जोहरान ममदानी को समर्थन देने का एलान किया है।

## शटडाउन के बीच पेंटागन को बड़ी मदद

### सेना के वेतन के लिए 13 करोड़ अमेरिकी डॉलर का मिला गोपनीय दान

**वाशिंगटन, एजेंसी।**अमेरिका में जारी शटडाउन के बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ने पुष्टि की है कि उसने 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर का गुमदान स्वीकार किया है। ताकि सैन्य कर्मियों के वेतन का भुगतान किया जा सके।

अब यह कदम नैतिक सवालों के घेरे में आ गया है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले यह खुलासा किया था कि उनके एक मित्र ने सैनिकों के वेतन में कमी आने पर उसकी भरपाई के लिए यह धनराशि दान करने की पेशकश की थी।

गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दानकर्ता से प्राप्त राशि का खुलासा करते हुए कहा, मैं इसे देशभक्त कहता हूं। राष्ट्रपति ने उस व्यक्ति का नाम बताने से इनकार कर दिया, जिसे उन्होंने मेरा एक दोस्त बताया, और कहा कि वह व्यक्ति पहचान नहीं चाहता। वहीं पेंटागन ने गुरुवार को अपने सामान्य दान स्वीकृति प्राधिकरण के तहत दान स्वीकार करने की पुष्टि की। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा, यह दान इस शर्त पर दिया गया था कि इसका इस्तेमाल सैन्य कर्मियों के वेतन और लाभों की लागत की भरपाई के लिए किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, डेमोक्रेट्स द्वारा सैनिकों का वेतन रोकने का फैसला करने के बाद हम इस दानदाता की सहायता के लिए आभारी हैं। यह दान भले ही बड़ा और असामान्य हो, लेकिन सैन्य कर्मियों के वेतन के लिए आवश्यक अरबों डॉलर की राशि में एक छोटा सा योगदान है। ट्रंप प्रशासन ने पिछले हफ्ते कांग्रेस को बताया था कि उसने वेतन भुगतान के लिए 6.5 अरब डॉलर का इस्तेमाल किया है। अगला वेतन इसी हफ्ते आने वाला है, और यह स्पष्ट नहीं है कि क्या प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए फिर से धनराशि का इस्तेमाल करेगा।

अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ सरकारी शटडाउन अब 25वें दिन में पहुंच गया है। जो इतिहास के सबसे लंबे शटडाउन में से एक बन सकता है। कांग्रेस में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच गतिरोध जारी है, जिसके कारण सरकारी भुगतान रुक गए हैं।

## थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का 93 साल की आयु में निधन

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का शुक्रवार रात 9:21 बजे निधन हो गया। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में आखिरी सांस ली। थाई रेडक्रॉस सोसाइटी और रॉयल हाउस होल्ड ब्यूरो ने उनके निधन की घोषणा की। बैंकॉक पोस्ट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ब्यूरो के बयान में बताया गया कि वह सितंबर, 2019 से अस्वस्थ थीं। 17 अक्टूबर को उनके रक्तप्रवाह में संक्रमण हो गया। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई। राजा महा वजीरालोंगकोर्न फ्रा वजीराक्लाओचाओयुहुआ ने ब्यूरो को शाही परंपरा के अनुसार सर्वोच्च सम्मान के साथ राजमाता का शाही अंतिम संस्कार करने का निर्देश दिया है। उनकी अस्थियां बैंकॉक के ग्रैंड पैलेस स्थित दुसित महा प्रसाद सिंहासन हॉल में रखी जाएंगी। राजा ने उनके निधन की तिथि से शाही परिवार और शाही दरबार के अधिकारियों के लिए एक वर्ष का शोक घोषित किया है। राजमाता सिरीकित का जन्म 12 अगस्त, 1932 को बैंकॉक में हुआ था। वो राजकुमार नक्खत्रा मंगला और एम.एल. बुआ कितियाकारा की पुत्री थीं। 28 अप्रैल 1950 को उनका विवाह राजा भूमिबोल अदुल्यादेज महान (राम चतुर्थ) के साथ हुआ था। राजा ने 1946 से 2016 तक शासन किया।

## लेक्ट सिटी मॉल की 10 से ज्यादा बार रेकी, आईएस के संदिग्ध आतंकियों के खुलासे से मची सनसनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस के जिन दो संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा है, उनके खुलासे से सुरक्षा एजेंसियों के रोंगटे खड़े हो गए हैं। पकड़े गए संदिग्ध साकेत स्थित सेलेक्ट सिटी मॉल, हौजखास व ग्रेटर कैलाश-एक स्थित पार्क की 10-12 बार रेकी कर चुके हैं।

आरोपी मॉल के अंदर कई बार रेकी करने गए थे। ये तीन-चार महीने से रेकी कर रहे थे। संदिग्धों ने इन तीनों जगहों की फोटो उस इंस्टाग्राम आईडी पर डाल रखी थी, जिन पर सीरिया में बैठे इस मोड्यूल के हैंडलर अबू हफ्स अल-हाशिमी अल-कुरैशी जुड़ा हुआ था। पुलिस ने इनके मोबाइल से ये सभी फोटो बरामद की हैं। साथ ही तीन मोबाइलों से अलकायदा के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हुए भी वीडियो मिली है।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध दिवाली व छठ पूजा के आसपास आईईडी धमाका कर बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान करना चाहते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये बात करने के लिए इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया पर रोज आईडी बनाते थे और रोज डिलीट कर देते थे। एक आईडी को ही हैंडलर समेत तीन से चार संदिग्ध चला रहे थे। फिलहाल ये इंस्टाग्राम पर बनी आईडी सैतुल्ला इमान नाम से चला रहे थे।

**100 से ज्यादा लड़कों को जोड़ चुके हैं:** स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि खलीफा अबू हफ्स अल-हाशिमी अल-कुरैशी भोपाल से पकड़े गए संदिग्ध आतंकी अदनान खान को अरबी भाषा में भड़काऊ वीडियो भेजता था। अदनान खान उसे हिंदी में अपनी आवाज देता था। इसके बाद उस वीडियो को दिल्ली के मोहम्मद अदनान खान को भेजता था।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर व्यापारिक गतिविधियां बंद, चमन क्रॉसिंग खोलने का दावा गलत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी देश अफगानिस्तान के साथ तनाव की वजह से सीमा पर व्यापारिक गतिविधियां बंद है। सुरक्षा चिंताओं के चलते पाकिस्तान-अफगान सीमा शुक्रवार को भी सभी प्रकार की व्यापारिक गतिविधियों के लिए बंद रही। अधिकारियों ने उन दावों को बेबुनियाद बताया कि इस्लामाबाद ने अफगान पारगमन व्यापार के लिए बलोचिस्तान प्रांत में चमन क्रॉसिंग को आंशिक रूप से खोल दिया है। अधिकारियों ने कहा कि पैदल यात्रियों को भी दोनों ओर से सीमा पार करने की अनुमति नहीं है।

डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया, सीमा पिछले 12 दिनों से बंद है। अभी तक पारगमन व्यापार सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के लिए सीमा को नहीं खोला गया है। चमन शहर के प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अभी तक इस्लामाबाद के अधिकारियों से सीमा खोलने के बारे में कोई निर्देश नहीं मिले हैं। यह जरूर है कि अफगान शरणार्थियों को सीमित समय पर चमन क्रॉसिंग से स्वदेश भेजा गया।

व्यापारियों को उम्मीद है कि आज इस्तांबुल में पाकिस्तान और अफगान के अधिकारियों के बीच होने वाली बैठक के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

इस बीच, संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) ने घोषणा की कि उसके कर्मचारी सीमा चौकियों पर तैनात हैं। आदेश मिलते ही सीमा खोल दी जाएगी। बोर्ड की यह घोषणा अफगानिस्तान से लगी सीमा चौकियों पर ट्रांजिट कार्गो, निर्यात खेप और आयातित सामान से लदे 1,000 से अधिक ट्रकों के खड़े होने की सूचना के बाद आई है।

यह व्यवधान प्रमुख सीमा चौकियों तोरखम, गुलाम खान, खरलाची और अंगूर अड्डा पर 12 अक्टूबर और चमन सीमा पर 15 अक्टूबर से निर्यात और आयात दोनों के लिए सीमा शुल्क निकासी के निलंबन के कारण उत्पन्न हुआ है। एफबीआर की एक आधिकारिक घोषणा में कहा गया है कि सीमा शुल्क चौकियों पर सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।



बताया गया है कि द्विपक्षीय व्यापार के निलंबन से पहले सीमा शुल्क अधिकारियों ने तोरखम, गुलाम खान, खरलाची और अंगूर अड्डा चौकियों पर 363 आयात वाहनों की निकासी की है। इस समय तोरखम में आयात के लिए 23 वाहनों की निकासी लंबित है। इन वाहनों में कपड़े, पेंट, मूंगफली और दालों जैसी वस्तुएं हैं। यही हालत निर्यात की है। 255 वाहन तोरखम टर्मिनल के अंदर खड़े हैं, जबकि लगभग 200 वाहन जमरूद-लांडी कोटल मार्ग पर फंसे हुए हैं। चमन सीमा शुल्क केंद्र पर सीमा शुल्क निकासी कार्य 15 अक्टूबर से निलंबित है। लगभग 495 वाहन तोरखम और चमन में सीमा पार करने के लिए कतार में खड़े हैं।

## नेपाल के करनाली प्रांत में खाई में गिरी जीप, आठ की मौत, 10 घायल

**काठमांडू, एजेंसी।** प्रांत में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां रुकुम पश्चिम जिले के झरमारे इलाके में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, 10 अन्य लोग घायल बताए गए हैं। बताया गया है कि 18 लोगों को ले जा रही जीप पहाड़ी इलाके में सड़क से नीचे 700 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा काठमांडू से 500 किलोमीटर दूर, झरमारे में तब हुआ जब जीप मुसीकोट के खलांगा से अथबिस्कोट के स्यालीड़ी जा रही थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि सात लोगों की हादसे के बाद मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 वर्ष के बीच थी। बाकी 10 घायलों का इलाज रुकुम जिले के अस्पताल में कराया जा रहा है।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# विकास की गति गांव-गांव तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : विधायक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा शनिवार को ग्राम माटा में मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 5वें वित्त योजना से स्वीकृत 5.5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क मणिराज सिंह के घर से आदिवासी बस्ती तक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही विधायक निधि से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 4 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिया निर्माण कार्य विद्यावती सिंह के घर के पास एवं 4 लाख रुपये की लागत से निर्मित केरहा चकदही नाला से सेमरहा तालाब पहुंच मार्ग का लोकार्पण भी विधायक के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद किया एवं उनकी समस्याएं सुनीं। समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।





इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक रीती पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

विधायक ने बताया कि सड़क और पुलिया निर्माण से ग्राम माटा और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, जिससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति को निरंतर बनाए रखना और जनता तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना उनका संकल्प है।

पाठक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर तेजी से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और ग्राम विकास में सक्रिय सहयोग दें।विधायक ने सभी से मिलकर ग्रामीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया और कार्यों को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रदीप सिंह, सरपंच इन्द्रदेव विश्वकर्मा, विश्वबंधुधर द्विवेदी, सूर्यप्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चंदूलाल पनिका, नायब तहसीलदार एकता शुक्ला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## काचन नदी में छोड़ा रिलायंस कोयला खदानों का पानी, प्रदूषित हो रही नदी; कलेक्टर बोले- नियम तोड़ने पर बंद कराएंगे खदान



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले की काचन नदी में रिलायंस कोयला खदानों का प्रदूषित पानी खुलेआम छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का पानी पूरी तरह से काला और दूषित हो गया है। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम और जिला प्रशासन से इसकी शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। छठ पूजा से पहले स्थानीय लोगों ने फिर से जिला प्रशासन को आवेदन देकर इस पर रोक लगाने की मांग की है, जिस पर कलेक्टर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**पार्षद ने की शिकायत:** स्थानीय पार्षद रामगोपाल पाल ने बताया कि रिलायंस की कोयला खदान और एनसीएल की ब्लॉक बी कोयला खदान से लगातार प्रदूषित पानी काचन नदी में छोड़ा जा रहा है। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन से पत्राचार के माध्यम से इसे बंद करवाने की मांग की थी। इस दूषित पानी के कारण गांव के मवेशी और स्थानीय लोग बीमार पड़ रहे हैं। एक अन्य स्थानीय निवासी सत्यम कुमार दुबे ने, जो शिकायत करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, बताया कि मौके पर नदी का आधा पानी काला और आधा सफेद दिखाई देता है। नदी किनारे रहने वाले लोगों और वहां से गुजरने वालों के लिए यह नदी जीवन का मुख्य आधार है, और वे तरह-तरह की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं।

**नियम विरुद्ध होने पर कार्रवाई करेंगे:** इस मामले पर कलेक्टर गौरव बेनल ने कहा कि वे तुरंत कंपनियों से बात कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जांच करेंगे कि यह पानी नदी में क्यों छोड़ा जा रहा है, और यदि यह नियम विरुद्ध पाया जाता है तो इसे बंद करवाया जाएगा।

## मरीज को कोई गलत इंजेक्शन नहीं लगाया गया, न ही ऑक्सीजन पाइपलाइन फटी थी : सिविल सर्जन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि मरीज अजय साकेत को उनके परिजनों द्वारा 23 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे जिला चिकित्सालय सीधी लाया गया था। भर्ती के समय मरीज की हालत अत्यंत गंभीर थी। मरीज शराब का आदी, सीवियर एनीमिया (रक्त की कमी), पीलिया (8 उहध्कस) से पीड़ित था तथा मानसिक रोग से भी ग्रसित था। परिजनों के अनुसार मरीज का पूर्व उपचार गांव के डॉक्टर से कराया जा रहा था।

जिला चिकित्सालय में भर्ती होने पर ड्यूटी डॉक्टर डॉ. अमित सिंह (एम.डी. मेडिसिन, पीजीएमओ) द्वारा मरीज का परीक्षण किया गया, आवश्यक दवाएं दी गईं और जांच कराई गई। मरीज का हीमोग्लोबिन 3.2 ग्राम पाया गया, जिस पर ब्लड चढ़ाने की सिफारिश की गई। मरीज का ब्लड ग्रुप होने के कारण जिला चिकित्सालय में ब्लड उपलब्ध नहीं था। इसके पश्चात विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से संपर्क किया गया, किंतु उक्त ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नहीं हो सका। डॉक्टर द्वारा मरीज को रीवा रेफर करने की सलाह दी गई, परंतु मरीज के परिजनों ने रीवा ले जाने से इनकार कर दिया। डॉक्टर द्वारा कई बार समझाने के बावजूद परिजनों ने मरीज को उपचार के दौरान बाथरूम ले गए, जहाँ मरीज की मृत्यु हो गई।

डॉ. खरे ने स्पष्ट किया कि मरीज को कोई गलत इंजेक्शन नहीं लगाया गया, न ही ऑक्सीजन पाइपलाइन फटी थी। मरीज को केवल डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा ही दी गई थी, तथा स्टाफ द्वारा कोई लापरवाही नहीं की गई।

## प्लांट के बजाय खुले में कचरा डंप, नगर निगम ने ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया; लापरवाही पर निरस्त करेंगे टेंडर

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** स्वच्छता अभियान के दावों के बावजूद, नगर पालिका निगम का कचरा प्रबंधन सवालों के घेरे में है। वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक कचरा उठाने की जिम्मेदारी संभालने वाली सीटाडेल कंपनी पर लाखों रुपए की फर्जी बिलिंग और घोटाले के गंभीर आरोप लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, कंपनी ने कचरा संग्रहण और निस्तारण के नाम पर निगम से भारी भुगतान लिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम का अभाव और अव्यवस्था स्पष्ट दिख रही है। कंपनी की ओर से एकत्रित कचरा निर्धारित प्रसंस्करण केंद्र गनियारी ले जाने के बजाय रेलवे क्रॉसिंग के पास खुले में डंप किया जा रहा है।



इस खुले डंपिंग से बदबू और प्रदूषण फैल रहा है। आसपास की बस्तियों के लोगों ने बताया कि सड़े हुए कचरे से निकलने वाली दुर्गंध और जहरीली गैसों के कारण क्षेत्र में उल्टी, बुखार, त्वचा रोग और सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। पशुओं की मौत के मामले भी सामने आए हैं।

कचरे से निकलने वाला गंदा पानी नालियों के माध्यम से काचन नदी और तालाबों में मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह स्थिति नियंत्रित नहीं हुई, तो नल-जल योजना के जलस्रोत भी प्रदूषित हो जाएंगे, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। लोगों का आरोप है कि कंपनी और नगर निगम के कुछ अधिकारी आपसी मिलीभगत से फर्जी बिलों के जरिए लाखों रुपए का दुरुपयोग कर रहे हैं।

**लापरवाही पर निरस्त करेंगे अनुबंध:** नगर पालिक निगम सिंगरौली की उपायुक्त रूपाली द्विवेदी ने बताया कि सीटाडेल कंपनी के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। कंपनी को नोटिस जारी किया गया है और लापरवाही साबित होने पर अनुबंध निरस्त कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों ने इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, उनका कहना है कि निगम और ठेकेदार कंपनियों की मिलीभगत से जनता के स्वास्थ्य और सरकारी खजाने दोनों को नुकसान हो रहा है।

## कच्ची दीवार तोड़कर 1.23 लाख का सामान चुराया, रिश्तेदार के यहां गए थे परिजन; एफआईआर दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सिहावल जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत डाढिया में शुक्रवार देर रात अनीश पांडे के घर में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने कच्ची दीवार तोड़कर घर में घुसे। उन्होंने घर से सोने-चांदी के आभूषण, कीमती बर्तन और नगदी सहित लगभग 1.24 लाख रुपए का सामान चुरा लिया।

**रिश्तेदार के यहां गए हुए थे परिजन:** चोरी की घटना के समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। परिजनों ने बताया कि वे एक रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे जब वे घर लौटे, तो उन्हें सामान बिखरा हुआ और दीवार टूटी मिली। पीड़ित अनीश पांडे ने बताया कि चोरों ने घर से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और कीमती बर्तन चुराए हैं। उन्होंने तुरंत बहरी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

**पीड़ित की शिकायत मामला दर्ज:** बहरी थाना प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर चोरी का माल बरामद किया जाएगा।

## कोयला खदान में डोजर से कुचलकर सुपरवाइजर की मौत, लेन वन का निरीक्षण करने गए थे


**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले की दुधीचूआ कोयला खदान में शुक्रवार रात एक हादसा हो गया। खदान के अंदर काम कर रहे सुपरवाइजर पुष्पेंद्र सिंह की भारी भरकम डोजर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रात 11 से 12 बजे के बीच हुई। पुष्पेंद्र सिंह, जो सीधी के निवासी थे, गजराज माइंस के कर्मचारी थे और ओवरबर्डन का काम देखते थे। वह नाइट शिफ्ट के दौरान खदान के अंदर निरीक्षण के लिए लेने वन के पास पहुंचे थे, तभी एक डोजर ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर से उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं और वे वहीं गिर गए।



साथ काम करने वाले कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें एनसीएल के नेहरू शताब्दी अस्पताल भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही पुष्पेंद्र सिंह की मौत हो चुकी थी। मोरवा थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल भेजा गया। पुष्पेंद्र सिंह के परिजन सीधी से सिंगरौली पहुंच गए हैं। परिजनों ने मांग की है कि मृतक के आश्रित परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को गजराज माइंस कंपनी में नौकरी दी जाए। इस संबंध में बातचीत जारी है।पुष्पेंद्र के परिजन सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि गजराज माइंस के अंदर सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जाता, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। उन्होंने प्रशासन से कंपनी के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है।

## ट्रक ड्राइवर से लूट, बदमाशों ने की पिटाई; बोलेरो सवार आरोपियों ने दस किलोमीटर तक पीछा कर की तोड़फोड़

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** लूट और मारपीट की एक घटना सामने आई है। कमर्जी थाना क्षेत्र के पटपरा के पास बोलेरो सवार बदमाशों ने एक ड्राइवर पर हमला कर दिया। बदमाशों ने उसकी पिटाई कर 35 हजार नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 3 बजे की है।



**फतेपुर आजुआ से माल उतारकर वापस लौट था ट्रक:** जानकारी के मुताबिक, ट्रक ड्राइवर विनोद सिंह गोंड फतेपुर आजुआ से माल उतारकर वापस लौट रहे थे। रात करीब 3 बजे जब उनका ट्रक पटपरा के पास पहुंचा, तो पहले से घात लगाए बैठे 5 से 6 हमलावरों ने उसे रोकने की कोशिश की। आरोपियों में दिलदार मोहम्मद उर्फ बबलू, उसका भाई मोनू, राजेंद्र और अनिल पटेल सहित अन्य लोग शामिल थे, जो बोलेरो वाहन (एमपी 53 ज़ेडसी 7829) में सवार थे।

**10 किलोमीटर तक पीछा कर ट्रक में की तोड़फोड़:** खतरा भांपते हुए ड्राइवर ने ट्रक लेकर भागने की कोशिश की लेकिन आरोपियों ने लगभग 10 किलोमीटर तक उसका पीछा किया। विष्णु नगर राजघराना के पास उन्होंने ट्रक को रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने ट्रक में तोड़फोड़ की। ड्राइवर के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने ट्रक में रखे 35 नकद, एक रियलमी कंपनी का 20 हजार का मोबाइल फोन और ट्रक की चाबी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज:** घटना के बाद घायल ड्राइवर ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। इस मामले में कमर्जी

## पर्वों का पुंज 'दीपावली'

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रेरणा स्रोत परम पूज्य संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से हमारे रीवा शहर में चलाए जा रहे बाल संस्कार केंद्र में महिला उत्थान मंडल द्वारा, गुरूजी द्वारा बताए हुए, पर्वों का पुंज 'दीपावली' के बारे में बच्चों को कुछ आवश्यक जानकारी दी गई एवं दीपावली पांच पर्वों का पुंज है जैसे धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के बारे विस्तार से बताया गया। जिसमें निम्न बच्चों (आलिया झामवानी, महक साहनी, विराट साहनी, सनी जेठवानी, जतिन साहनी, बानी गंगवानी, देवांश पंजवानी) यह प्रोजेक्ट के माध्यम से बड़ी ही सुंदरता से प्रस्तुत किया। बाल संस्कार केंद्र के बच्चों को साधुवाद है। बापूजी के बच्चे नहीं रहते कच्चे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला समिति की अध्यक्ष मधु शिवनानी, वंशिका तुलसानी, काशी खिलवानी, दिशा लालवानी, कियारा नोटवानी, भाविका कुलचंदानी आदि उपस्थित रहे।

# एपीएस विश्वविद्यालय में बड़ा घोटाला- कुलगुरु, कुलसचिव और विभागाध्यक्षों की मिलीभगत से 20 अयोग्य अतिथि विद्वानों की अवैध नियुक्ति; 40 लाख के लोक वित्त घोटाले के आरोप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (एपीएसयू) रीवा एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में करीब 20 अतिथि विद्वानों की नियुक्तियाँ पूर्णतः नियम विरुद्ध ढंग से की गईं। इन नियुक्तियों में न तो न्यूनतम योग्यता का पालन हुआ, न ही कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित चयन प्रक्रिया का।

**नोटशीट से हुई मनमानी नियुक्तियाँ:** विश्वविद्यालय प्रशासन ने बिना किसी विज्ञापन और वॉक-इन इंटरव्यू के केवल विभागाध्यक्षों की सिफारिशों पर नोटशीट अनुमोदन के माध्यम से नियुक्ति आदेश जारी कर दिए। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता, समान अवसर और योग्यता सभी को दरकिनार कर दिया गया। दरअसल, सत्र 2016-17 में कार्यपरिषद की स्वीकृति से बनी नियमावली के अनुसार 50% अंक शैक्षणिक योग्यता और 50% अंक वॉक-इन इंटरव्यू पर आधारित होने चाहिए थे। समिति में बाह्य विशेषज्ञ और एससी/एसटी वर्ग के प्राध्यापक की उपस्थिति अनिवार्य थी। मगर 2025-26 की नियुक्तियों में इन सभी प्रावधानों की खुली अवहेलना की गई।



**यूजीसी और शासन के आदेशों का उल्लंघन:** यूजीसी के न्यूनतम योग्यता विनियम 2018 के तहत अध्यापन हेतु NET/SET या PhD अनिवार्य है। साथ ही मध्य प्रदेश शासन के पत्र क्रमांक स्न 1/1/201/2023/38-1 दिनांक 5 अक्टूबर 2023 में यह भी प्रावधान है कि अभ्यर्थी से आपराधिक प्रकरण न होने का शपथपत्र लिया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों नियमों की अनदेखी की। कई नियुक्त अभ्यर्थी NET/SET/PhD रहित हैं और कुछ के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण भी लंबित बताए जा रहे हैं।

**लोक वित्त का दुरुपयोग, भ्रष्टाचार की बू:** विश्वविद्यालय का बजट लोक वित्त के अंतर्गत आता है, जिसका उपयोग नियमों और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। लेकिन इन नियुक्तियों में अपात्रों को लाभ पहुंचाकर लगभग 30 से 40 लाख रुपये की वित्तीय हानि की गई है। जानकारों के अनुसार यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

**कुलगुरु और कुलसचिव की भूमिका पर सवाल:** विशेषज्ञों का कहना है कि कुलगुरु को कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित नियमावली को रद्द या नजरअंदाज करने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में कुलगुरु, कुलसचिव, स्व-वित्तीय संचालक और संबंधित विभागाध्यक्षों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

**EOW जांच की मांग तेज:** छात्र संगठनों और शिक्षाविदों ने इस पूरे मामले की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराए जाने की मांग की है। छात्र नेता अभिषेक तिवारी अभि का कहना है कि यह मामला केवल प्रशासनिक अनियमितता नहीं, बल्कि संस्थागत भ्रष्टाचार का उदाहरण है। छात्र नेता का कहना है, विश्वविद्यालय अब शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। योग्य उम्मीदवार बाहर रह गए और अपात्रों को कुर्सियाँ दे दी गईं।

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में यह मामला शिक्षा जगत के लिए गहरी चिंता का विषय बन गया है। जब विश्वविद्यालय का सर्वोच्च पदाधिकारी ही नियमों की अनदेखी करे, तो शिक्षा की गुणवत्ता, ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**-डी आर एम-डब्ल्यू जे.बी.पी 155-2025, दिनांक 22.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कटनी-मानिकपुर और सतना-रीवा खंड में ठेकेदार की पीक्यूआरएस द्वारा एवं अनिवार्य बिंदुओं पर मैन्युअली सीटीआर 18.90 किमी और टीएसआर 33.35 किमी (कुल 52.25 किमी) का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-रू. 9,85,54,426/-, **बयाना राशि रुपए**-रू.6,42,800/-, समापन अवधि-12 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक**- 14.11.2025, **निविदा खुलने का तिथि एवं समय 15:15 बजे**- 14.11.2025 1 उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "httpsÑ//ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस वोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

**(हस्ता.)**

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# एक और बस में आग, देश में भगवान भरोसे है सार्वजनिक सुरक्षा

**संपादकीय**

पिछले दस दिनों में दो एसी बसों में आग लगने से 45 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना राजस्थान में और दूसरी आंध्र प्रदेश में हुई। दोनों ही मामलों में बसों की फिटनेस और सुरक्षा जांच पर सवाल उठे हैं। हर बार दुर्घटना के बाद जांच के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकलता। देश में सार्वजनिक सुरक्षा भगवान भरोसे है।

अपने देश में सार्वजनिक परिवहन कितना अधिक जोखिम भरा है, इसका प्रमाण है दस दिनों के अंदर दो एसी बसों में आग लगने से 45 से अधिक यात्रियों की मौत। पहली दुर्घटना में 14 अक्टूबर को जैसलमेर से जोधपुर जा रही एसी बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से 26 यात्री मारे गए। इस भयावह दुर्घटना की जांच में पता चला कि बस की बनावट में कई नियमों का उल्लंघन किया गया था।

दूसरी घटना गत दिवस आंध्र प्रदेश में हुई। यहां हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एसी बस में आग लगने से 20 बस यात्री मारे गए। इस दुर्घटना का कारण यह बताया जा रहा है कि बस के नीचे एक मोटर साइकिल आ गई। इससे उसका फ्यूल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हैरानी नहीं कि इस दुर्घटना के पीछे भी बस के रखरखाव में कमी और उसकी सही तरह सुरक्षा जांच न किया जाना निकले।

दर्जनों लोगों के लिए काल बनीं दोनों एसी बसें निजी कंपनियों की थीं। यह मानकर तो चला जा सकता है कि उनके संचालन की अनुमति देने के पहले उनकी फिटनेस जांची गई होगी, लेकिन यह कहना कठिन है कि इसके नाम पर खानापूरी नहीं की गई होगी। इसके आसार भी कम हैं कि इसकी ढंग से पड़ताल की गई होगी कि उनमें सुरक्षा के उपयुक्त उपाय हैं या नहीं?

यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़ी संख्या में निजी बजें खस्ताहाल होती हैं। कई बार तो उनके चालक भी अकुशल होते हैं। एसी बसों के आपातकालीन द्वार तो इस हाल में होते हैं कि उन्हें मुश्किल से ही खोला जा सकता है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि दोनों बस दुर्घटनाओं में यात्रियों के मारे जाने पर शीर्ष स्तर के नेताओं ने संवेदना व्यक्त की और दुर्घटना के कारणों की जांच के आदेश दिए गए, क्योंकि ऐसा हर बड़े हादसे के बाद किया जाता है और नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है।

अभी तक का अनुभव यही बताता है कि भीषण से भीषण बस दुर्घटनाओं से भी कोई सबक नहीं सीखा जाता। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन किसी की प्राथमिकता में है ही नहीं। इसी कारण आए दिन सार्वजनिक परिवहन के सरकारी या फिर निजी साधन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं।

# पवित्रता, स्वच्छता और गौरवशाली भारतीय संस्कृति का प्रतीक छठ पूजा की देशभर मे धूम

**कांतिलाल मांडोत**

छठ पर्व और छठी मैया को समर्पित एक प्राचीन हिन्दू त्योहार छठ पूजा,बिहार, झारखंड पूर्वी उत्तरप्रदेश और नेपाल के लिए अद्वितीय तो है ही,लेकिन यह त्योहार भारत के हर राज्यो का श्रद्धा का क्षेत्र है। गुजरात,महारास्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि अनेक राज्यो में अपने सांसारिक कार्य छोड़कर छठी मैया की पूजा करने लोगो का हुजूम उमडता है। बिहार विकास परिषद एवं बिहार की धार्मिक कार्यक्रमो का संचालित करने वाली संस्थाओं के कार्यकर्ता छठ पूजा की तैयारी में गुजरात तथा महाराष्ट्र में भी जुट चुके है। मानव जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण बात है श्रद्धा की। जब हमारे मन में श्रद्धा की ज्योति जगमगाती है तो सारे कार्य सहज-सुलभ हो जाते है। वंदना पूजा उन्हीं की की जाती है,जिनके प्रति श्रद्धा होती है। नहाय खाय के इस अलौकिक पर्व पर श्रद्धा के भाव है। अगर लोगो मे श्रद्धा नही होती तो क्या वे छठी मैया की पूजा अर्चना में दिवाली पूर्व से तैयारी करते प्रतीत होते? श्रद्धा असीम आनंद का खजाना है। धर्म किसी मंदिर में नही है। ये तो केवल साधना के स्थल केंद्र है,जहा नदी के तट पर बैठकर मनुष्य अपना आत्म चिंतन कर छठी मैया से अपने परिवार की खुशहाली की कामना करता है। धर्म तो मनुष्य के आचरण में है।

छठ पूजा में तैयारी जोरों पर है। दरअसल,देश मे उल्लास का माहौल है। छठी मैया की गीतों की धुन पर थिरकते लोग और चार दिवसिय आयोजन में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। , नहाया,खाय, खरना और डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के लिए महिलाओ सहित लोगो की घाटों पर भीड़ एकत्रित होगी। बाजारों में छठ पर्व को लेकर रौनक है तो घाटों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। नहाय खाय से शुरू होने वाले इस पर्व पर व्रती उमंग और उल्लास के साथ छठ मैया की पूजा अर्चना करता है। खरना के व्रत और खीर का प्रसाद और गंगा स्नान का पवित्र रिवाज और ही श्रद्धावान बना देता है। शाम का अर्ध्य और चौथे दिन सुबह का अर्ध्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। दीपावली के बाद छठ पर्व के भोजपुरी गीत वायरल हो रहे है। छठ के पहले रिलीज हुआ भोजपुरी गीत-*पनिया में कांपतारी कनिया* छठ व्रत की तैयारी करते हुए गाया है। और *छठी मइया मांगले ललवा* जैसे भोजपुरी गीत बहुत लोकप्रिय हुए है। गुजरात के सूरत में लाखों लोग छठ पूजा की तैयारी कर रहे है। तापी नदी पर घाटों की तैयारी जोरों पर है। आज अंतिम रूप दे दिया गया है।

छठ का व्रत मुख्य रूप से संतान की सुख-समृद्धि, सफलता और लंबी आयु के लिए रखा जाता है।

छठ पर्व सूर्यषष्ठी व्रत है, जिसमें सूर्य देव और षष्ठी देवी दोनों की एक साथ पूजा की जाती है। इस पूजा में छठी मैया और सूर्य देव का संबंध माता और पुत्र या भाई और बहन जैसा है, जिसमें दोनों का महत्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। छठ पूजा की आस्था का मुख्य कारण सूर्य देव और छठी मैया की कृपा प्राप्त करना है, जिससे सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और संतान की प्राप्ति होती है। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है, क्योंकि सूर्य पृथ्वी पर जीवन के लिए ऊर्जा का स्रोत है। इसके अलावा, यह पर्व संयम, आत्म-अनुशासन और सामाजिक समानता को बढ़ावा देता है। छठ पूजा में छठी मैया ,जो देवी पार्वती का ही एक रूप मानी जाती हैं की भी पूजा की जाती है, जो सूर्य देव की बहन हैं और संतान की रक्षा करती हैं। छठ पूजा के दौरान 36 घंटे का निर्जला उपवास रखने से शरीर डीटॉक्स होता है और मानसिक स्वास्थ्य भी मजबूत होता है। सूर्य को अर्घ्य देने से शरीर के रंगों का संतुलन बना रहता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और विटामिन-डी भी प्राप्त होता है। नेत्र रोग और चर्म रोग से राहतः ऐसा माना जाता है कि डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने से नेत्र ज्योति और चर्म रोग में सुधार होता है। पूरे भारत में छठ पूजा की आस्था मुख्य रूप से सूर्य देव और उनकी बहन छठी मैया के प्रति गहरी श्रद्धा, संतान सुख और परिवार की समृद्धि की इच्छा, और प्रकृति के प्रति सम्मान के कारण है। यह पर्व न केवल धार्मिक है, बल्कि इसमें वैज्ञानिक लाभ, जैसे कि विटामिन डी का उत्पादन और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, भी माने जाते हैं।

> **भारतीय राजनीति में घोषणा पत्र का रिवाज उतना ही पुराना है जितना की आम चुनाव। इसे 1937 से शुरू माना जा सकता है। हर चुनाव में दावेदार अपनी घोषणाए करते है। जिसे घोषणा पत्र कहा जाता है। यह एक दैनिक दस्तावेज होता है। दल उसमे बंधा रहता है। उम्मीद की जाती है कि वह सत्ता में रहे या विपक्ष में,अगले चुनाव तक घोषणा पत्र के दो पाटों के बीच दल की गतिविधियां चलती रहे, क्या ऐसा होता है। बिहार में विधानसभा चुनाव है।**

# चुनावी घोषणा पत्र वादों का पुलिंदा भर होते है

**कांतिलाल मांडोत**

लालू प्रसाद के मुख्यमंत्री बनने के बाद तेजस्वी भले ही गठबंधन में उप मुख्यमंत्री बनाए गए हो,लेकिन उनकी सरकार का मुख्यमंत्री बिहार में नही बन पाया है। वोट चोरी का मुद्दा उठाकर कांग्रेस के साथ चले तेजस्वी को यह लगा कि अब तो बिहार के हम है राजकुमार और भाजपा पर आरोप लगाकर न्याय यात्रा निकाली। अन्याय यात्रा में कांग्रेस को शामिल नही किया। बिहार चुनाव दिलचस्प इसलिए है कि जेडीयू के तार एनडीए से जुड़े हुए है। केंद्र में चन्द्रबाबू नायडू का भाजपा को समर्थन है, वैसे ही नीतीश कुमार की पार्टी भाजपा को बिहार और केंद्र दोनो में समर्थन दे रही है। तेजस्वी और कांग्रेस के लगाए गए आरोप से इन पार्टियों को यह अहसास होने लगा कि बिहार में हमारी सरकार निश्चित वैतरणी पार करेगी। इस आनन फानन में तेजस्वी ने हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी का वादा तो कर दिया लेकिन मतदाताओ को रिझाने में यह भूल गए कि हम जिस तरह से नौकरी का वादा कर तो रहे है लेकिन उसका परिणाम राजनैतिक मंच पर क्या आएगा? उसकी कोई फिक्र नही थी। यह आंकड़ा गिनते समय बुद्धिजीवी भी चकरा जाते है। बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान एक मंच सेअमित शाह ने स्पष्ठ किया कि तेजस्वी का घोषणा पत्र मात्र छलावा है और पूरे बिहार का बजट मात्र 3 लाख करोड़ का है और नौकरी के लिए 20 लाख करोड़ की जरूरत होगी, तब तेजस्वी इतने रुपए कहा से लाएंगे? इसका खुलासा करते हुए अमित शाह ने तेजस्वी के घोषणा पत्र को कागज का पुलिंदा करार दिया।

सच तो यह है कि चुनाव से पहले घोषणा पत्र में बड़े वादे किए जाते है। चुनाव जीतने के बाद इसे कोई देखता तक नही है। उसी तरह तेजस्वी के वादे की किरकिरी हुई है। ये वादे और घोषणा पत्र मीडिया भी याद नही कराता है। फिर भी इसका अपना महत्व है। वादे करके मुखर जाना गलत है। घोषणा पत्र का कोई महत्व ही नही रह जाता है। घोषणा पत्र की बात करे तो कांग्रेस ने राजस्थान में किसानों के कर्ज माफ करने का मुहिम चलाया था। उसी के साथ कांग्रेस ने लम्बे समय तक वादा नही निभाया। दरअसल,दिल्ली मॉडल की बात कर पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली के केजरीवालने बिजली,पानी की घोषणा करके वोट प्राप्त तो कर लिया,लेकिन लोगो को गुमराह करने वाले मुख्यमंत्री केजरीवाल का जुठ उजागर तब हुआ,जब वे दिल्ली चुनाव में पराजय हुए थे। घोषणा पत्र को कौन पढ़ता है। लेकिन यह एक मजाक नही है यह हकीकत है। चुनावी घोषणा पत्र रस्मअदायगी से ज्यादा कुछ नही है। इसके बावजूद बिहार में दिवाली के बाद नेताओ की घोषणा पत्र की सूची जनता के समक्ष रखी जायेगी?लोगो को खैरात बांटने की घोषण हर सम्भव कर दी जाती है। भाजपा, राजद, कांग्रेस और अन्य दल चुनाव में जीत प्राप्त करने के लिए घोषणा पत्र पढ़ना शुरू कर देंगे। चुनाव के पूर्व लालची घोषणाओं से बचकर नैतिक और ईमानदारी वाले नेताओं को अपना अमूल्य वोट देकर सत्ता में लाने की तैयारी बताए। बिहार में चुनाव के पूर्व विवाद का अखाड़ा बन चुके राजनीतिक दलों में सुलह का कोई मार्ग दिखाई नही दे रहा है। यह देखने वाली बात है कि घोषणा पत्र में भाजपा भी पीछे नही है। सवाल यह है कि कांग्रेस, राजद और अन्य दलों की कथनी समान नही है इसलिए मतदाता भरोसा करने को तैयार नही है। उधर, भाजपा की साफ छवि के चलते मोदी पर आंख मूंद कर भरोसा कर देते है। क्योंकि लोगो को मोदी और भाजपा पर भरोसा है। घोषणा पत्र का शाब्दिक अर्थ वादा है। लेकिन अपनी साख पर कायम भारतीय जनता पार्टी ने इसे संकल्प पत्र करार दिया और घर घर मे भाजपा पर भरोसा करने का मार्ग प्रशस्त किया। चुनाव जीतने के बाद मतदाताओ को गुमराह करने वाली पार्टियां समय के साथ ही अस्ताचल की तरफ बढ़ने लगती है। इसलिए कथनी और करनी समान रखनी चाहिए। संकल्प पत्र का संदेश मतदाताओ की समझ से भले ही परे क्यो नही हो,लेकिन यह प्रतिबद्धता का धोतक है। यूपी तो बीमारू राज्य था। लेकिन उत्तरप्रदेश में योगी ने चुनाव के पूर्व किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की थी। वह उस वादे पर खरे उतरे और भाजपा दूसरी बार यूपी में सत्ता की गलियारों तक पहुंची। यह प्रमाणिकता की निशानी है। प्रतिबद्धता की कड़ी में ऐसा हो नही सकता कि उनके किये वादे में कोई वादा छोड़ दे। भाजपा और नीतीश कुमार की पार्टी गठबंधन बिहार में सामयिक और सेकुलर नजरिया अपना सकती है। विपक्ष कहता है कि जिन मुद्दों को हम वर्षो से लेकर राजनैतिक मंच पर भुना रहे है लेकिन हमको सफलता नही मिलती है और उन्ही मुद्दों पर मोदी को सफलता मिल रही है। उसकी वजह से विपक्ष टेंशनमे रहता है। लेकिन उनकी साफ छवि और वादा और घोषणा की प्रासंगिकता पर एकमत होने की वजह से वे सफल हो रहे है। वे विकास पुरुष है। लोगो का उन नेताओं ने दिल जीता है। यही बडी विजय पताका है। बिहार में कांग्रेस और राजद की लड़ाई से मतदाताओ पर गहरा असर पड़ता है। मतदाता यू समझ रहे है कि सीट शेयरिंग में भी आपसी समझ बरकरार नही रखने वाले नेता आगे चलकर जनता के साथ कैसा व्यवहार करेंगे? बिहार में चुनाव में सभी राजनीतिक दल वादे करेंगे,उसमे भाजपा भी शामिल है। लेकिन जिन दलों ने मतदाताओ का दिल जीत लिया है वे सफल होंगे? सामयिक सुधार के लिए किए वादे अक्सर जनता का दिल जीतने के लिए काफी अहम है। बिहार चुनाव में लोगो की नजर है। बिहार चुनाव केंद्र सरकार के लिए भी अहम माना जा रहा है। बिहार में नीतीश की साख पर मतदाता भरोसा कर रहे है। कांग्रेस और राजद की लड़ाई पर उनके कार्यकर्ताओ की भृकुटि तनी हुई है। भाजपा अगर लोककल्याण वादे करती है तो विपक्ष में बैठी पार्टियां भाजपा से टेडी नजर रखना उनकी मजबूरी बन जाएगी।




# अल्पसंयकों को प्रतिनिधित्व न मिलना चिंता का सबब

**एल.एस. हरदेनिया**

हमारे देश में ऐसी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं कि अल्पसंख्यक तबकों को न तो संसद में और न ही राज्य विधानसभाओं में उनकी आबादी के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिल रहा है। इस समय बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए जो टिकिट बांटे जा रहे हैं उनमें लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी, कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने बहुत कम मुसलमानों को टिकट दिए हैं। बिहार, उत्तरप्रदेश और बंगाल ऐसे राज्य हैं जहां मुसलमानों की खासी आबादी है। इसे मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों को वहां मुसलमानों को भी समानुपातिकसीट देनी चाहिए। एक जमाने में काफी संख्या में मुसलमान विधायक और सांसद बनते थे।

मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में 10-12 मुसलमान विधायक रहा करते थे। मंत्रीपरिषद में भी मुसलमान रहते थे, वे स्पीकर भी बनते थे। गुलशेर अहमद मध्यप्रदेश की विधानसभा के सदस्य भी रहे और उसके स्पीकर भी। उन्होंने दोनों जिम्मेदारियां बहुत खूबसूरती से निभाई। मध्यप्रदेश की परंपरा इतनी गौरवशाली थी कि कई मुस्लिम विधायक और सांसद ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुने जाते थे जहां अल्पसंख्यकों की आबादी न के बराबर थी। न सिर्फ कांग्रेस उन्हें टिकट आवंटित करती थी बल्कि वहां के वोटर इतने समझदार थे कि मुसलमानों की आबादी कम होने के बाद भी वे मुसलमान उम्मीदवार को चुनते थे। ऐसे कई उदाहरण हैं। मेरे मित्र अजीज कुरैशी सीहोर से विधायक चुने गए थे, जहां मुसलमानों की आबादी बहुत कम थी। वे सांसद भी चुने गए। वे मध्यप्रदेश की मंत्री परिषद के कई बार सदस्य रहे। कुरैशी कई राज्यों के राज्यपाल भी रहे। अब यह गौरवशाली परंपरा समाप्त हो रही है। इस समय मध्यप्रदेश की विधानसभा में सिर्फ दो विधायक मुसलमान हैं। दोनों भोपाल से हैं। इसके पिछली विधानसभा में सिर्फ एक ही मुसलमान थे, वह थे भोपाल के पुराने शहर से चुने गए आरिफ अकील।

अभी एक केन्द्रीय मंत्री ने साफ कहा है कि हमें मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए और मुसलमानों को उन्होंने नमक हराम बताया। इससे खराब गाली और क्या हो सकती है? यदि यही स्थिति बनी रही तो एक दिन ऐसा भी आएगा जब पूरे देश में एक भी सांसद या विधायक मुसलमान नहीं होगा। ऐसी स्थिति आने के पूर्व हमारे देश के नेतृत्व को कुछ सोचना चाहिए।

अल्पसंख्यक के नाम पर हमारे देश में केवल जैन भाईयों और सिक्ख भाईयों को प्रतिनिधित्व मिलता है, वो भी इक्का-दुक्का। जैनियों की जितनी संख्या है उसकी तुलना में उन्हें काफी ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलता है। उससे हमें कोई शिकायत नहीं है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच ट्रप प्रशासन के 50 फीसदी टैरिफ

> **अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 50 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने वैसे तो लगभग सभी देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों पर अलग-अलग दर से टैरिफ लगाया, परंतु भारत द्वारा विशेष रूप से रूस से सस्ते दामों पर कच्चे तेल की खरीद के चलते भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया हुआ है।**

**प्रहलाद सबनानी**

विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ को लगाए हुए अब कुछ समय व्यतीत हो चुका है एवं अब इसका असर विभिन्न देशों की अर्थवस्थाओं एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। खुशी की बात यह है कि 27 अगस्त 2025 से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगभग नगण्य बना हुआ है।

सितम्बर 2025 में भारत से अमेरिका को विभिन्न उत्पादों का निर्यात लगभग 12 प्रतिशत कम होकर केवल 550 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर नीचे आ गया है। परंतु भारत का अन्य देशों को निर्यात लगभग 11 प्रतिशत से बढ़कर 3,638 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में किए गए निर्यात से लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। सितम्बर माह में भारत से 24 देशों को निर्यात की मात्रा बढ़ गई है। इस प्रकार, भारत द्वारा अमेरिका को कम हो रहे निर्यात की भरपाई अन्य देशों को निर्यात बढ़ा कर कर ली गई है।

सितम्बर माह में न केवल निर्यात में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की गई है अपितु भारत में अक्टूबर माह में प्रारम्भ हुए त्योहारी मौसम, धनतेरस एवं दीपावली उत्सव के पावन पर्व पर 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की बिक्री भारत में हुई है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। खास बात यह है कि इस कुल बिक्री में 87 प्रतिशत भारत में ही निर्मित उत्पाद रहे हैं। भारत में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री का रिकार्ड कायम हुआ है।भारत में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय नागरिकों का स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का हाल ही में आह्वान किया था। इस आग्रह का अब भारी संख्या में भारतीय नागरिक सकारात्मक उत्तर दे रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रहे उपभोक्ता खर्च के चलते वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में भी लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर है, जो अब लगभग 2 लाख करोड़ प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है।

भारतीय पूंजी बाजार भी सकारात्मक परिणाम देता दिखाई दे रहा है। सितम्बर 2025 के अंत में सेंसेक्स 80,267 के स्तर पर था जो 21 अक्टूबर 2025 को बढ़ कर 84,426 के स्तर पर पहुंच गया। इसी प्रकार निफ्टी इंडेक्स भी सितम्बर 2025 के अंत में 24,611 के स्तर से बढ़कर 21 अक्टूबर 2025 को 25,868 के स्तर पर पहुंच गया। दीपावली के पावन पर्व पर रिकार्ड तोड़ व्यापार एवं पूंजी बाजार के अपने पिछले 52 सप्ताह के लगभग उच्चत्तम स्तर पर पहुंचने के पीछे मुख्य रूप से तीन कारक जिम्मेदार माने जा रहे हैं। (1) भारतीय उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों के प्रति विश्वास निर्मित हुआ है और वे अब भारत में निर्मित उत्पादों को चीन अथवा अन्य विकसित देशों में निर्मित उत्पादों की तुलना में गुणवत्ता के मामले में बेहतर मानने लगे हैं। (2) विभिन्न भारतीय कम्पनियों द्वारा सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही के घोषित परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं। (3) साथ ही, अक्टूबर 2025 में विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में वापसी हुई है। इस साल सितम्बर तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से लगभग 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि की निकासी की थी, जबकि अक्टूबर में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अभी तक लगभग 7,300 करोड़ रुपए का नया निवेश किया गया है।

ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर लगातार संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मुद्रा स्फीति की दर लगातार नीचे आ रही है एवं यह सितम्बर में 1.54 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है जो पिछले 8 वर्षों के दौरान अपने सबसे निचले स्तर पर है। जबकि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर अब बढ़ती हुई दिखाई दे रही है और अगस्त में यह 2.9 प्रतिशत के स्तर पर रही है।

ट्रम्प प्रशासन द्वारा अपने वित्तीय घाटे को नियंत्रण में लाने एवं सरकारी ऋण को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों से अमेरिका को होने निर्यात पर टैरिफ की घोषणा की थी। परंतु, भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाने के बावजूद अमेरिका का वित्तीय घाटा कम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। आज अमेरिका में वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है जबकि भारत में यह प्रतिवर्ष लगातार कम हो रहा है और इसके वित्तीय वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के स्तर पर नीचे पहुंच जाने की सम्भावना है, यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत का रहा था।

इसी प्रकार, अमेरिका में सरकारी ऋण 37 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है और यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का 120 प्रतिशत है। अर्थात, अमेरिका में आय की तुलना में अधिक मात्रा में व्यय किए जा रहे है। आज अमेरिका में सरकारी ऋण पर ब्याज अदा करने के लिए भी ऋण लिया जा रहा है। दूसरी ओर, भारत में सरकारी ऋण की मात्रा केवल 3.80 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर है और यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 80 प्रतिशत है, जो लगातार कम हो रहा है। अमेरिका में सकल बचत की दर 22 प्रतिशत है जबकि भारत में यह 32 प्रतिशत है।

भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है जबकि अमेरिका में यह वर्ष 2024 में केवल 2.8 प्रतिशत की रही है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर विश्व बैंक द्वारा अनुमानित है। जबकि अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों के अमेरिका को निर्यात टैरिफ लगाए जाने के बावजूद अमेरिका में वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के नीचे गिरकर 1.6 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। स्पष्टतः अमेरिका द्वारा टैरिफ लागू करने का भारतीय अर्थव्यवस्था पर तो कोई विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, अमेरिका में बेरोजगारी की दर में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है जो अब बढ़कर 4.3 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है, जबकि भारत में यह दर गिरकर 5.1 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गई है। अमेरिका में बैकों से लिए गए ऋण एवं क्रेडिट कार्ड पर ली गई उधारी की किश्तों के भुगतान में चूक की संख्या में वृद्धि दृष्टिगोचर है।

# श्रीराम के आदर्श और चरित्र को जन-जन तक पहुंचायेंगी राम यात्रा

# चित्रकूट से प्रारंभ हुई राम यात्रा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री





**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** पूज्य संत मुरारी बापू द्वारा 25 अक्टूबर से 4 नवंबर तक रामकथा पर चित्रकूट से अयोध्या तक राम वन गमन पथ के मार्गो पर राम यात्रा शुरू की गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्रीराजेन्द्र शुक्ल ने चित्रकूट सतना के अत्रि मुनि आश्रम, सती अनुसुइया से प्रारंभ हुई इस राम यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि पूज्य संत बापू जी द्वारा प्रभु श्रीराम के वनवास काल के दौरान राम वन गमन पथ के मार्गो से होते हुई प्रारंभ राम यात्रा भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे प्राण है जिनके स्मरण से जीवन धन्य हो जाता है। यह देश का सौभाग्य है कि श्रद्धेय मुरारी बापू जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन श्रीराम के आदर्श और चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने तथा हमारी आस्था को प्रमाणित कर श्रीराम जन्म भूमि में बहुप्रतीक्षित श्रीराम मंदिर स्थापना कार्य में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के चित्रकूट के पावन स्थल से लेकर पूरे देश में श्रीराम वन गमन मार्ग पर जिन स्थानों पर प्रभु श्रीराम के चरण पडे है। उस धरती में बहुमूल्य खनिज और अयस्कों का भण्डार पाया गया है जो देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि राम यात्रा रामेश्वरम तक रेल मार्ग से और श्रीलंका तक हवाई मार्ग से पहुंचेगी और इसी क्रम में अयोध्या तक वापसी होगी। पूरी यात्रा की मंगलकामना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सब इस पावन यात्रा के साक्षी बने है।

पूज्य संत मुरारी बापू ने कहा कि श्रीराम यात्रा विशुद्ध रूप से आध्यात्मिक और अंतरआत्मा की यात्रा है। जिसे सभी संतों, महापुरूषों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह राम यात्रा सत्य, प्रेम और करूणा की यात्रा है। विश्व के हित को ध्यान में रखकर चित्रकूट जैसे पावन स्थल से यह यात्रा शुरू की है। संत मुरारी बापू ने मध्यप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री शुक्ल की उपस्थिति और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यात्रा के लिए प्रदान की गई सदभावना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूज्य संत मुरारी बापू के सानिध्य में सतना जिले के चित्रकूट के अत्रि मुनि आश्रम से प्रारंभ इस राम यात्रा को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर संत मुरारी बापू, मध्यप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन संत राम हृदय दास मदन पालीवाल की गरिमामय उपस्थिति में राम यात्रा की ट्रेन रवाना की गई। राम यात्रा में 22 सुसज्जित कोच की यह विशेष ट्रेन रामेश्वरम तक जाएगी। इसके बाद राम यात्रा हवाई मार्ग से श्रीलंका पहुंचेगी और इसी क्रम में वापस राम यात्रा अयोध्या आयेगी। इसके पूर्व चित्रकूट धाम रेल्वे स्टेशन से राम यात्रा सड़क मार्ग से अत्रि मुनि आश्रम सती अनुसुइया चित्रकूट सतना भी पहुंची। चित्रकूट से सड़क मार्ग से होती हुई राम यात्रा उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन से रामेश्वरम को रवाना हुई। प्रभु राम वनवास काल के दौरान जिन स्थानों पर गए थे। उसी मार्ग पर राम यात्रा संचालित हो रही है। चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर संत मुरारी बापू और मध्यप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राम यात्रा की स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राम यात्रा के संयोजक मदन जी पालीवाल, रेल्वे टूरिज्म आईआरसीटीसी की पमिला गुप्ता, बालेन्द्र गौतम सहित राम यात्रा के सहभागी देश भर के भक्तजन उपस्थित रहे।

## क्रूरता पूर्वक अवैध पशु परिवहन कर रहे पिकअप वाहन को 13 नग भैंस (पड़ा) सहित ड्राइवर और क्लीनर को दबोचा



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** मुखबिर द्वारा अवैध पशु परिवहन की सूचना पर सक्रिय हुए थाना प्रभारी मझगवा, निरीक्षक आदित्य नारायण धुर्वे और उनकी टीम ने विगत रात्रि मझगवा पमरिया बाबा मंदिर बाईपास के नजदीक एक पिकअप वाहन (क्र. एमपी19ज़ेडएम6583) से करीब 13 नग पशु, जिसमें 11 नग भैंस और 2 नग पड़ा शामिल थे, जप्त कर बड़ी कार्यवाही की।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी चालक नसीम खान (जो स्वयं गाड़ी का मालिक है) और क्लीनर नीरज कोल को दबोच लिया। उनके खिलाफ क्रूरता पूर्वक अवैध पशु परिवहन अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

इस कार्यवाही से यह स्पष्ट होता है कि मझगवा पुलिस अवैध पशु परिवहन के खिलाफ सख्त है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए तत्पर है। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए वे लगातार निगरानी रखेंगे और किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## कोठी पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** कोठी थाना का प्रभार प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी के हाथों आते ही कोठी पुलिस बल चौकन्ना हो गया है और सभी जगह कड़ाई से कार्रवाई की जाने लगी है। आज कोठी के झाला चौराहा पर प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी के निर्देशन में कोठी थाना का पुलिस बल सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान वाहनों के कागजात चेक किए गए और हेलमेट न लगाने पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों को समझाया कि हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं और सुरक्षित रहें।

डीएसपी आशुतोष त्यागी ने कहा, चालान देकर आप बच तो गए, लेकिन हेलमेट लगाने से जीवन की सुरक्षा होती है। अभियान के अंतर्गत 7 मोटरसाइकिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई।

## उप मुख्यमंत्री ने आचार्य आश्रम नयागांव में किया छात्रावास भवन का शिलान्यास



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने चित्रकूट में नयागांव आचार्य आश्रम में बलराम दैसिक संस्कृत विद्यालय द्वारा संचालित छात्रावास के नवीन भवन का शिलान्यास किया। प्रियंबदा बिरला वैदिक एवं संस्कृत विद्यापीठ द्वारा संचालित छात्रावास के निर्माण के लिए लगभग 1 करोड रूपये से अधिक राशि का सहयोग बिरला कार्पोरेशन और विंध्या टेली लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस अवसर पर चित्रकूट आचार्य आश्रम के बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज, प्रयागराज के श्रीराम सुमनदास जी महाराज, पूर्व विधायक सेमरिया केपी त्रिपाठी, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, बालेन्द्र गौतम, प्रबल राव श्रीवास्तव, बीटीएल के रमेश सिंह, प्रधानाचार्य वेद विद्यालय सुनील शास्त्री भी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आचार्य आश्रम परिसर में स्थापित प्रियबंदा बिरला वैदिक एवं संस्कृत विद्यापीठ के छात्रावास का विधि-विधान से भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में मानव जीवन के पावन कर्तव्यों को पूरा करने में मार्गदर्शन देने के लिए संत और ऋषि परंपरा प्राचीन काल से रही है। उन्होंने कहा कि रीवा में रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रयास किये गये हैं। ताकि विंध्य क्षेत्र के संस्कृत विद्यालयों से निकलने वाले 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की शिक्षा ग्रहण कर सके। उन्होंने बिडला और बीटीएल को क्षेत्र में औद्योगिक क्रान्ति के साथ आध्यात्मिक और धर्म के कार्यो में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। आचार्य आश्रम श्रीबद्री प्रपन्नाचार्य ने अपने आर्शीवचनों में कहा कि पूर्व काल से ही चित्रकूट अत्रि मुनि की तपस्या स्थली रही है। जहां भगवान श्रीराम ने अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आयु अवधि चित्रकूट में बिताई। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया से चरित्र का पाठ सीखने की लालसा लेकर लोग चित्रकूट आते हैं।

## 130वा देहदान का संकल्प, जीवन का सही कर्तव्य पूरा हुआ: उमेश



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** संत मोतीराम आश्रम के महंत स्वामी खिम्यादास जी की प्रेरणा से प्रेरित होकर 24 अक्टूबर शुक्रवार को गुरुजी से आशीर्वाद प्राप्त कर ग्राम कुलगड़ी सतना निवासी श्री उमेश कुमार विश्वकर्मा और अस्तिमा गौतम ने जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प लिया।

उमेश कुमार ने देहदान का संकल्प लेने के बाद कहा, जब तक मैंने देहदान का संकल्प नहीं लिया था, तब तक ऐसा लगता था कि मैं अपने कर्तव्यों से अधूरा हूं। आज संकल्प लेने के बाद लगता है कि जीवन का सही कर्तव्य पूरा हो गया है। मैं निवेदन करता हूं कि सभी मानव इस पुण्य कार्य में सहयोग करें।

आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे और विनोद गेलानी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी जी ने देहदान की अलख ज्योति जगाने का बीड़ा उठाया है। स्वामी जी की प्रेरणा से अब तक 130 लोगों ने जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प लिया है।

स्वामी खिम्यादास जी, डॉ. संतोष शर्मा, और डॉ. मुदित जैन जी ने संकल्प पत्र देकर उमेश और अस्तिमा को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाई प्रह्लाद, अतुल दुबे, मनोहर मोरयानी, गोपीचंद कापड़ी, बीमल मित्रा, नमो नारायण खत्री, मुकेश अग्रवाल, और जे.पी. निगम ने साधुवाद दिया।

## दिव्य राम यात्रा सतना पहुँची, अगस्त्य मुनि आश्रम में मोरारी बापू की राम कथा



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** पूज्य मोरारी बापू की ऐतिहासिक राम यात्रा अब सतना पहुँच गई है। यह यात्रा 25 अक्टूबर को चित्रकूट से आरंभ हुई थी और 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से बापू अगस्त्य मुनि आश्रम, सतना में भक्तों को रामकथा सुनाएंगे।

त्रेता युग में वर्तमान चित्रकूट और सतना क्षेत्र विंध्य-बघेलखंड का हिस्सा था, जहां भगवान श्रीराम ने माता सीता और लक्ष्मण के साथ लगभग 11.5 वर्ष वनवास बिताए थे। यह यात्रा 11 दिनों में भारत और श्रीलंका में लगभग 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिसमें 411 भक्त विशेष रेलगाड़ी में शामिल हैं।

सतना में भक्तों के लिए विशाल पंडालों की व्यवस्था की गई है, और रामकथा में सभी श्रद्धालु नि:शुल्क सम्मिलित हो सकते हैं। बापू की परंपरा के अनुसार, आश्रम में भंडारा (मुफ़्त प्रसाद भोजन) की व्यवस्था रहेगी।

यह यात्रा संतकृपा सनातन संस्थान द्वारा श्री मदन पालीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। मोरारी बापू पिछले 65 वर्षों से रामकथाएं सुना रहे हैं और उनकी कथाएं सत्य, प्रेम और करुणा जैसे मूल्यों पर आधारित हैं।

बापू ने 950 से अधिक रामकथाएं भारत सहित कई देशों में की हैं, और उन्होंने समाज के हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए भी कथाएं की हैं।

## छठ पूजा आयोजन की दृष्टि से महापौर योगेश ताम्रकार ने किया संतोषी माता तालाब का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** महापौर योगेश ताम्रकार ने बिरला रोड, सतना स्थित संतोषी माता मंदिर पहुंचकर मां संतोषी के दर्शन किए और लोकमंगल की कामना की। इसके बाद उन्होंने संतोषी माता तालाब परिसर में छठ पूजा आयोजन की दृष्टि से अंतिम चरण में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

महापौर ने कहा कि छठ पूजा के आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और छठ व्रती बहन-भाइयों का परिसर में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर नगर निगम के कमिश्नर शेर सिंह मीणा, पार्षदगण सूर्यपाल सिंह, तिलक राज सोनी, पंकज कुशवाहा, नीलांबर झा, आशीष चौरसिया, संजय सिंह, अतिक्रमण एवं स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह सहित नगर निगम की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

महापौर ने सभी से अपील की कि वे छठ पूजा को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि इस पर्व का महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है, जो सभी को एकजुट करता है।

## मरवा के 4 माह के बच्चे की मृत्यु पर कई अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** जिले के मझगवां विकासखण्ड के जैतवारा मरवा निवासी 4 माह के हुसैन रजा की जिला अस्पताल में 20 अक्टूबर को सुबह इलाज के दौरान हुई मृत्यु का कारण गंभीर निमोनिया विथ सेप्सिस होना पाया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि हुसैन रजा पिता आमिर का जन्म सामान्य प्रसव से 3 जुलाई 2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतवारा में हुआ। जहां से जीरो डोज टीकाकरण उपरांत डिस्चार्ज किया गया। जन्म के समय बच्चे का वजन 3 किलोग्राम था। बच्चे को जन्म के 6 दिन पश्चात ही सीबियर निमोनिया हो गया था। उसे एसएनसीयू जिला अस्पताल सतना में 18 जुलाई को भर्ती कर 27 जुलाई को डिस्चार्ज किया गया और क्रमशः 4 अगस्त और 19 अगस्त बच्चे के दो फॉलोअप एसएनसीयू में किये गये। बच्चे को 10 दिन बाद फिर से निमोनिया तथा वजन नहीं बढने के फलस्वरूप पुनः पीआईसीयू जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। बच्चे का अस्पताल में सीआरपी, सीबीसी एवं एक्सरे टेस्ट की जांच की गई। जिसमें निमोनिया, डायरिया के साथ सांस लेने में तकलीफ पाई गई। बच्चे को अतिगंभीर निमोनिया की स्थिति में पुनः 18 अक्टूबर को जिला अस्पताल में पीआईसीयू में भर्ती कराया गया। जिसकी इलाज के दौरान 20 अक्टूबर को सुबह मृत्यु हो गई। इस तरह मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सलाह पर पिछले 4 माह के दौरान बच्चे को तीन बार इलाज के लिए हर बार निमोनिया एवं वजन न बढने के कारण भर्ती किया गया। फिर भी कन्जेनाइटल हार्ट डिफेक्ट या मेटा वोलिक डिस आर्डर होने से बच्चे का वजन नहीं बढ पा रहा था। मामले के प्रकाश में आने पर स्वास्थ्य विभाग और महिला विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कार्यवाहियां की गई है।

## कार डिवाइडर से टकराई, महिला सहित तीन घायल; अस्पताल से किया डिस्चार्ज

**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** एनएच-30 पर एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

यह घटना शनिवार सुबह अंमदरा थाना क्षेत्र में हुई। जबलपुर से शुभम अग्रवाल (35), खुशबू अग्रवाल (26) और कार्तिक पंजाबी (25) मैहर दर्शन के लिए जा रहे थे। उनकी कार (एमपी 20 ज़ेडवाई 4424) एनएच 30 पर डिवाइडर से टकरा गई।

सूचना मिलते ही खेरवासानी टोल बूथ की एम्बुलेंस (1033) से अजीत कुमार झा और अमन कुमार ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने अंमदरा थाना पुलिस को भी सूचित किया। सभी घायलों को मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में सभी घायलों को मामूली चोटें आईं थीं, जिसके कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। अंमदरा थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी ने बताया कि सभी घायल सामान्य चोटों के बाद जबलपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने किया मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत प्रति माह लग रहे षिविरों का लिया जायजा



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को सतना जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत प्रदेश के सभी सामुदायिक केन्द्रों में प्रतिमाह 9 और 25 तारीख को लग रहे स्वास्थ्य जांच शिविरों की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के विभिन्न वार्डो, आपरेशन थियेटर, पैथालॉजी, प्रसूति वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों को दी जारी उपचार सेवायें, जांच सुविधाओं और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, बीएमओ मझगवां डॉ. रूपेश सोनी, मेडीकल आफीसर, पैरामेडीकल स्टाफतथा बालेन्द्र गौतम, निरंजन जायसवाल, अवध बिहारी मिश्रा भी उपस्थित थे।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां के ओपीडी, आयुष्मान कक्ष, चिकित्सक कक्ष, रसोई, प्रतीक्षा कक्ष, प्रसूति वार्ड, नेत्र परीक्षण कक्ष, जनरल भर्ती वार्ड, टूऊ नॉट प्रयोगशाला में डीएन एक्सटेक्शन मशीन, पैथालॉजी में सैम्पलिंग और जांच प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं और विकासखण्ड मझगवां की स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं में दी जा रही सुविधाओं और उपचार सेवाओं की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सभी सामुदायिक केन्द्रों में प्रतिमाह 9 और 25 तारीख को लगाये जा रहे शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करे तथा इसका बेहतर प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगने वाले इन जांच शिविरों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच तथा हाईरिस्क प्रेग्नेंसी की जांच हो जाने पर मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयासों को भरपूर सफलता मिल सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने टेली मेडीसिन के संबंध में जानकारी ली और सेटअप जमा कर इसकी निगरानी भी करने के निर्देश दिये।

# तौलिए से गला घोंटकर की थी दोस्त की हत्या

## मृतक की पत्नी से आरोपी के थे अवैध संबंध, शराब के नशे में विवाद के बाद वारदात को दिया अंजाम

**सागर, एजेंसी।** सागर में राहतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झिला में हुई युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मृतक का ही दोस्त है। जिसने पहले साथ में शराब पी और बाद में तौलिए से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। आरोपी के मृतक की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। विवाद में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



### खेत में मिला था शव

पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को ग्राम झिला में शीतला माता मंदिर के पास बटयावदा रोड पर स्थित खेत पर पंचम खंगार उम्र 33 साल निवासी झिला का शव मिला था। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया था कि मृतक पंचम मंगलवार की रात करीब 10 बजे घर से निकला था। सुबह उसका शव खेत में पड़ा मिला। मृतक के गले व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटों के निशान थे।

पंचम इंदौर में मजदूरी करता था और दीपावली की छुट्टी के चलते वह गांव आया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में पुलिस एक्सीडेंट का मामला मानकर चल रही थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत का कारण गला दबाने के कारण दम घुटने से होना सामने आया। जिस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

### संदेही को उठाया तो बोला- तौलिया से गला घोटकर मारा था

आरोपी की तलाश में पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किए। मृतक के परिचित और दोस्तों की जानकारी निकाली गई। लोकेशन ट्रेस की गई। इसी बीच पुलिस को पता चला कि मृतक पंचम अपने दोस्त रामकुमार पिता लखनलाल राय निवासी झिला के साथ वारदात की रात देखा गया था।

संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने तलाश करते हुए रामकुमार राय को हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी रामकुमार राय ने हत्या की वारदात करना स्वीकार की। उसने बताया कि वह मृतक पंचम के साथ ससुराल गया था। जहां दोनों ने शराब पी। वहां से घर लौटते समय उनके बीच विवाद हुआ। विवाद में तौलिया से गला घोटकर पंचम की हत्या कर दी थी।

### मृतक की पत्नी से आरोपी के अवैध संबंध

राहतगढ़ एसडीओपी योगेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी रामकुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तौलिया से गला घोटकर पंचम की हत्या की थी। आरोपी के मृतक की पत्नी से पुराने अवैध संबंध थे। पंचम को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की है। आरोपी से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया है।

## लकड़ी चोरी,आरोपियों ने जान से मारने की धमकी :4 ट्रॉली इमली की लकड़ी ले भागे,पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई



**निवाड़ी, एजेंसी।** निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण की इमली की लकड़ी चोरी करने के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चार ट्रॉली लकड़ी चुराने की कोशिश की और पुलिस को सूचना देने पर पीड़ित परिवार को धमकाया। शिवरामपुर तिगैला निवासी राकेश कुशवाहा ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया है। उनके अनुसार, 23 अक्टूबर 2025 की रात करीब 9 बजे, उनकी पटैती भूमि पर रखी इमली की 4 ट्रॉली लकड़ी चोरी करने कुछ लोग पहुंचे। राकेश ने बताया कि स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर गुविन्दी कुशवाहा का था, जिसे उसका बेटा नीरज चला रहा था। लकड़ी भरने में राजाराम उर्फ रानी, जित्तू, बेटू, दीनदयाल, लल्लू और बृजेन्द्र कुशवाहा शामिल थे, सभी बिन्दपुरा वार्ड क्रमांक 14 के निवासी हैं। राकेश कुशवाहा ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर सभी आरोपी ट्रैक्टर खेतों के रास्ते से ले भागे। भागते समय वे एक ट्रॉली लकड़ी वहीं उलटकर छोड़ गए। इसके बाद, सभी आरोपियों ने रात में राकेश और उनके चाचा मोहन के घर का घेराव कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। अगले दिन जब राकेश के पिता घनश्याम कुशवाहा पंचायत में शिकायत दर्ज कराने गए, तब आरोपियों ने पंचायत के सामने ही गाली-गलौज की और कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास किया। घनश्याम ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। राकेश ने बताया कि अब पूरा परिवार डर के साए में जी रहा है। आरोपी झगड़ालू और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिसके कारण परिवार खेत पर जाकर कृषि कार्य भी नहीं कर पा रहा है।

## रायसेन में अमरावत घाटी पर खाई में गिरा ट्रक-चपेट में आई 4 गायों की मौत, ड्राइवर मौके से फरार



**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन के सागर रोड स्थित अमरावत घाटी पर शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे एक ट्रक खाई में गिर गया। ट्रक की चपेट में आने से चार गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने खाई से मृत गायों को बाहर निकालकर एक तरफ किया। कार्यकर्ताओं ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, अमरावत घाटी पर एक मोड़ है। रायसेन से जाते समय चालक को सड़क पर आ रही गायें दिखाई नहीं दीं, जिससे ट्रक उन्हें टक्कर मारते हुए खाई में पलट गया।

## जमीन विवाद में भाई ने छोटे भाई की हत्या की : सोते हुए भाई का गला दबाया ; पुलिस को मिली जानकारी

**रतलाम,एजेंसी।** बड़े बाई ने छोटे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है। हत्या के बाद बड़ा भाई फरार हो गया है। पुलिस तलाश उसकी तलाश में जुटी है। मामला जिले के सरवन थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम संतोष (25) निवासी ग्राम गराड है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 7.30 बजे संतोष अपने घर में खटिया पर सोया था। उस समय उसका बड़ा भाई मोहन (37) घर पर पहुंचा। नशे में सोते हुए छोटे भाई के ऊपर बैठ गया। इस दौरान दोनों में झड़प हुई। फिर बड़े भाई ने गला दबा दिया। रात में परिजन संतोष को लेकर सैलाना के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात 12 बजे करीब सरवन थाना पुलिस को सैलाना स्वास्थ्य केंद्र से घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रात में शव स्वास्थ्य केंद्र में ही रखा। शनिवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मृतक के गांव भी पहुंच घटनाक्रम की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक शादीशुदा है। तीन बच्चे हैं, मृतक के माता-पिता भी हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि करीब पांच साल पहले दोनों भाईयों में जमीन का बंटवारा हो गया था। अब इतने साल बाद बड़े भाई का कहना था कि उसके हिस्से में जमीन कम आई है। इस कारण दोनों में शुक्रवार रात विवाद हुआ। सरवन थाना प्रभारी अर्जुन सेमलिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीन बंटवारे का विवाद को लेकर बड़े भाई ने गला दबा कर हत्या की है। इस दौरान दोनों के बीच में झड़प भी हुई है।



## कोलारस में बेमौसम बारिश से मक्का की फसल खराब 60 से 80 फीसदी तक नुकसान का अनुमान

**शिवपुरी, एजेंसी।** जिले की कोलारस विधानसभा में शनिवार तड़के 3 बजे शुरू हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बदरवास जनपद के कई गांवों में मक्का की फसल को तेज बारिश से भारी नुकसान हुआ है। खेतों में सुखाने के लिए रखी फसल पानी में भीगकर खराब हो गई।



मड़वासा गांव के किसान रामवीर यादव ने बताया कि रात करीब 4 बजे से तेज बारिश शुरू हुई, जो लगभग एक घंटे तक जारी रही। बारिश की तीव्रता इतनी अधिक थी कि नाले उफान पर आ गए। उनके अनुसार, खेतों में रखी मक्का की फसल को लगभग 80 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।

पिरौंठ गांव में भी फसल बर्बाद पिरौंठ गांव के विकुल यादव ने जानकारी दी कि उनके गांव में सुबह 3 बजे से डेढ़ घंटे तक लगातार तेज बारिश हुई। इससे खेतों में रखी मक्का और भुट्टे बारिश में भीगकर सड़ गए। उनके मुताबिक, इस गांव में लगभग 60 प्रतिशत फसल क्षतिग्रस्त हुई है।

### मुआवजे की मांग

मड़वासा के एक अन्य किसान रोहित यादव ने बताया कि किसान मंडियों में बेहतर दाम मिलने की उम्मीद में अपनी फसल सुखा रहे थे, लेकिन सुबह हुई तेज बारिश ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी बारिश के मौसम में फसलें खराब हुई थीं, लेकिन किसानों को अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला है।

### बारिश और बाढ़ ने पहले भी नुकसान पहुंचाया

गौरतलब है कि इस साल कोलारस क्षेत्र में लगातार बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति बनी रही, जिससे किसानों के घरों और फसलों को भारी नुकसान हुआ था। अब एक बार फिर बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।



## खंडवा रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन पर चढ़ने के दौरान बाल-बाल बचा यात्री

**खंडवा, एजेंसी।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा एक यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया, जिसे आरपीएफ जवान संतोष यादव ने समय रहते बचा लिया। इस घटना का वीडियो शुक्रवार को सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार, हिंगोली, महाराष्ट्र के रहने वाले अरुण कुमार 22709 ट्रेन से हुजुर साहेब नांदेड़ से मथुरा जा रहे थे। खंडवा स्टेशन पर ट्रेन रुकने के दौरान वे खाने-पीने का सामान लेने उतरे थे। जब ट्रेन चलने लगी, तो वे दौड़कर उसे पकड़ने की कोशिश करने लगे, लेकिन उनका पैर फिसल गया और वे प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गए।

प्लेटफॉर्म पर मौजूद आरपीएफ जवान संतोष यादव ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्री को ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच से खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद ट्रेन को रोका गया। यात्री को मामूली चोटें आईं, जिसके बाद प्राथमिक उपचार देकर उन्हें उसी ट्रेन से रवाना कर दिया गया।

खंडवा के थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरपीएफ जवान संतोष यादव की बहादुरी और मानवता की सराहना की जा रही है। ऑपरेशन जीवन रक्षा अभियान के तहत आरपीएफ जवान के इस कार्य की प्रशंसा की जा रही है।

## जिला प्राधिकरण द्वारा किया गया अपना घर आश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**शिवपुरी एजेंसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में एवं रंजना चतुर्वेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की अध्यक्षता में आज शनिवार को अपना घर आश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित प्रभुजीओं को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नालसा मानसिक और वौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना 2024 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, नालसा नालसा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकार आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।



## हेलमेट लगाकर किसान का दर्द समझने पहुंचे विधायक, मंडी की लाइन में पसीना बहाया, कहा कूपन नहीं, किसानों का हक़ छीना जा रहा है

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** कभी आपने किसी विधायक को किसानों की तरह लाइन में खड़े देखा है? शुक्रवार को शिवपुरी जिले की पोहरी कृषि उपज मंडी में ऐसा नज़ारा देखने को मिला। कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने जब अफसरों से लगातार शिकायतों के बावजूद किसानों की समस्याओं का हल नहीं होते देखा, तो उन्होंने स्वयं मैदान में उतरने का फैसला किया — लेकिन इस बार नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक आम किसान के रूप में।



सुबह करीब दस बजे विधायक कुशवाह एक साधारण शर्ट-पैंट और हेलमेट पहनकर मंडी के खाद वितरण केंद्र पहुंचे। किसी को ज़रा भी अंदाज़ा नहीं था कि लाइन में खड़ा यह व्यक्ति वास्तव में पोहरी क्षेत्र का विधायक है। करीब एक घंटे तक वे धूप में किसानों के साथ लाइन में लगे रहे, टोकन के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने व्यवस्था की हकीकत अपनी आंखों से देखी।

विधायक ने बताया कि मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों द्वारा पहचान के आधार पर कूपन बांटे जा रहे थे। जो चेहरे जाने-पहचाने थे, उन्हें पहले कूपन दिया जा रहा था, जबकि असली छोटे किसान भीड़ में धक्के खाकर पीछे रह गए। कुशवाह ने कहा, किसान सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन न छांव है, न पानी। जो मेहनतकश हैं, वही सबसे ज्यादा परेशान हैं। यह वितरण नहीं, अन्याय है। उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर मजदूरों को पैसे देकर दूसरे नाम पर खाद दिलाई जा रही थी, और प्रशासन पूरी तरह से मौन दर्शक बना हुआ था।

स्थिति देखकर विधायक ने तत्काल जिला कलेक्टर को फोन लगाकर पूरी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने एसडीएम अनुपम शर्मा से भी चर्चा की, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि जिन तहसीलदार निशा भारद्वाज को मौके पर रहना चाहिए था, वे वहां मौजूद ही नहीं थीं। कुशवाह ने चेतावनी दी कि अगर मंडी में व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे किसानों के साथ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा पार्टी या राजनीति से नहीं, बल्कि किसानों की इज़्ज़त और अधिकार से जुड़ा है।

**खनियाधाना में भड़के किसान- गोदाम से खाद उठाने की कोशिश:** इधर जिले के खनियाधाना क्षेत्र में हालात और बिगड़ गए। सुबह 9 बजे तक जब टोकन वितरण शुरू नहीं हुआ तो किसानों का धैर्य जवाब दे गया। सैकड़ों किसान मंडी परिसर में एकत्र हो गए और खाद गोदाम का गेट तोड़ने की कोशिश की। मौके पर पहुंचे तहसीलदार निशिकांत जैन और पुलिस बल ने हालात को काबू में लिया। स्थिति इतनी गंभीर थी कि तहसीलदार को किसानों से हाथ जोड़कर शांत रहने की अपील करनी पड़ी, तब जाकर मामला थमा। किसानों का कहना है कि सरकार योजनाएं बनाती है, लेकिन व्यवस्था जमीनी नहीं। यदि यह हालात जारी रहे तो आने वाले दिनों में बुआई पर भी असर पड़ेगा।

## शिवपुरी में खाद संकट गहराया, किसानों को घंटों लगानी पड़ी लाइन, प्रशासन को संभालना पड़ा मोर्चा

**शिवपुरी, एजेंसी।** ज़िले में इन दिनों रबी फसलों की बुआई जोरों पर है, लेकिन किसानों को खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। खनियांधाना सहित कई तहसीलों में हालत यह है कि खाद केंद्रों के बाहर सुबह-सुबह से ही किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। महिलाओं सहित ग्रामीण परिवारों को घंटों इंतज़ार करना पड़ रहा है। भीड़ और अव्यवस्था बढ़ने पर प्रशासन को खुद मोर्चा संभालना पड़ा।

रबी सीजन के चलते हर किसान को समय पर खाद की जरूरत है, लेकिन आपूर्ति कम और मांग अधिक होने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कई जगहों पर वितरण केंद्रों पर स्टॉक सीमित है और किसानों की संख्या हजारों में।



**खनियांधाना में अफरा-तफरी का माहौल:** खनियांधाना की सहकारी विपणन समिति केंद्र पर शनिवार सुबह से ही हजारों किसान खाद लेने पहुंच गए। त्यौहारों के बाद बोवनी शुरू करने की तैयारी में जुटे किसानों को केंद्र पर अव्यवस्था और धीमी वितरण प्रक्रिया ने परेशान कर दिया। स्थिति संभालने के लिए तहसीलदार और पुलिस अमले को मौके पर बुलाया गया।

**सुबह पाँच बजे से लगी लाइनें:** कई किसानों ने बताया कि वे सुबह पाँच बजे से ही केंद्रों पर अपनी बारी के इंतज़ार में पहुंचे थे। घंटों बीत जाने के बाद भी वितरण नहीं शुरू हुआ, जिससे किसानों में रोष फैल गया। कतारों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी थे, जो धूप में खड़े-खड़े थक गए। किसानों का कहना है कि कर्मचारियों की लापरवाही और धीमी कार्यप्रणाली ने स्थिति को और कठिन बना दिया है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण की व्यवस्था पारदर्शी और सुचारु की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी परेशानियों से राहत मिल सके।

## तवा-नर्मदा संगम बांद्राभान में 3 नवंबर से लगेगा मेला

### नर्मदापुरम में बांद्राभान का लगेगा 10 रुपए किराया; 4 दिन में 6 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आएंगे

**नर्मदापुरम,एजेंसी।** मां नर्मदा व तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला मेला 3 से 6 नवंबर से लगेगा। चार दिवसीय मेले में करीब 6 से 7 लाख श्रद्धालु पहुंचते है। जिला प्रशासन मेले की तैयारियों में जुटा हुआ है।

दो दिन पहले कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा ने अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें।

शुक्रवार को परिवहन विभाग ने बांद्राभान मेले में पहुंचने वाले यात्रियों के लिए किराया तय किया है। नगर वाहनों को छोड़कर सामान्य प्रक्रम वाहनों के लिए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर के लिए 1.25 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है।



इसके अनुसार नर्मदापुरम से बांद्राभान के लिए प्रति यात्री 9.50 रुपए, इटारसी से बांद्राभान 32 रुपए, माखननगर से 38.25 रुपए, सिवनीमालवा से 69.50 रुपए, सोहागपुर से 72 रुपए, पिपरिया से 97 रुपए, बुधनी से 20.75 रुपए एवं भोपाल से बांद्राभान का किराया प्रति यात्री 103.50 रुपए निर्धारित किया गया है। 50 पैसे नहीं चलने की स्थिति में यात्रियों को 10 रुपए, 39 रुपए, 70 रुपए और 104 रुपए देने होंगे।

# जनजातीय स्वतंत्रता विद्रोहों पर बने भव्य स्मारक सह-संग्रहालय जल्द लोगों के लिए होगा समर्पित

## राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे देश के पहले डिजीटल संग्रहालय का लोकार्पण

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** नवा रायपुर अटल नगर के आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विद्रोहों पर बन रहे स्मारक सह-संग्रहालय जल्द ही लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के मौके पर देश के पहले डिजीटल संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज निर्माणाधीन संग्रहालय स्थल का निरीक्षण कर लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



गौरतलब है कि राज्य सरकार इस वर्ष छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के रूप में मना रहा हैं। नवा रायपुर में बन रहे शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण के दौरान मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आगंतुकों एवं पर्यटकों के हिसाब से संग्रहालय में आडियो-विडीयो विजुवल की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आगंतुक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के संबंध में भंलिभांति परिचित हो सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना का परिणाम है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ में जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक स्मारक सह-संग्रहालय धरातल पर दिखाई देगा। यह निर्माणाधीन संग्रहालय सदियों के लिए आने वाली नई पीढ़ियों को पुरखों का याद दिलाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि सभी वर्गों सहित देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणाप्रद बनेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस जीवंत संग्रहालय के माध्यम से लोगों में बड़ी से बड़ी ताकतों के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ विद्रोह करने का साहस पैदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि सोच का परिणाम है कि आज प्रदेश का पहला संग्रहालय है जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्य गाथा एवं बलिदान को समर्पित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगामी राज्योत्सव के मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय में डिजीटलीकरण कार्य, पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली।

प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को संग्रहालय में निर्माणाधीन 14 गैलरियों सहित झंडा सत्याग्रह, जंगल सत्याग्रह, जनजातीय संस्कृतियों पर बने गैलरियों आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वन एवं जलवायु परिर्वतन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, रायपुर संभाग के कमिश्नर श्री महादेव कावरे, आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त डॉ रवि मित्तल, कलेक्टर श्री गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, टीआरटीआई संचालक श्रीमती हिना अनिमेष नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क से तैयार हो रहा है संग्रहालय:** गौरतलब है कि यह स्मारक सह- संग्रहालय छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बारिकी के साथ अध्ययन व रिसर्च के बाद वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क के साथ तैयार किया रहा है। संग्रहालय देखने वाले आगंतुकों को आदिवासी विद्रोह का वर्णन स्टैच्यू के पास ही लगे डिजिटल बोर्ड पर उपलब्ध रहेगा। आगंतुक संग्रहालय में आदिवासी विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेगा। वहीं आगंतुक प्रत्येक गैलरी में बनाई गई जीवंत प्रस्तुति के सामने स्कैनर से मोबाईल द्वारा स्कैन कर संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

**16 गैलेरियों में तैयार हो रहा है संग्रहालय :** उल्लेखनीय है कि शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे – हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन 14 गैलेरियों में किया जा रहा है।

## 5000 शिक्षकों की भर्ती से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी-मंत्री गजेन्द्र यादव

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया गया है। मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। मंत्री श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करना रही है। शिक्षकों की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी, ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के



युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आगे कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और योग्यता आधारित प्रणाली से संचालित किया जाएगा। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार प्राप्त हो सके।

शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पदों की पूर्ति नहीं, बल्कि एक मजबूत, सक्षम और प्रेरणादायी शिक्षण तंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे उत्साह और विश्वास के साथ तैयारी करें, क्योंकि यह भर्ती प्रदेश के शैक्षणिक भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाली सिद्ध होगी।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने रजवार समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आज सूरजपुर जिले के ग्राम करंजी में रजवार समाज द्वारा आयोजित सामाजिक उत्कृष्ट विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने समाज के उज्जवल भविष्य की नींव रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति और सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है। समाज की उन्नति तभी संभव है जब



उसके बच्चे शिक्षित और संस्कारी बनें। उन्होंने कहा कि रजवार समाज द्वारा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए किया जा रहा यह आयोजन न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास भी है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## राज्यपाल रमेन डेका ने दुगली में वनधन विकास केन्द्र का किया अवलोकन

### महिलाओं की आत्मनिर्भरता की सराहना की

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।**राज्यपाल रमेन डेका ने आज धमतरी जिले में ग्राम दुगली में वनधन विकास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों द्वारा एलोवेरा से बनाए जा रहे उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्रक्रिया को निकट से देखा और उनकी सराहना की। राज्यपाल ने समूहों द्वारा तैयार अन्य उत्पादों का भी अवलोकन किया।

**बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक सुधार हुआ:** राज्यपाल श्री डेका ने केंद्र में एलोवेरा जैल निर्माण, तिखुर प्रसंस्करण एवं दोना-पत्तल निर्माण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में लगाई गई एलोवेरा और तिखुर की खेती का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कमार जनजाति के समाज प्रमुख, पर्यटन समिति के सदस्य और लखपति दीदियों से राज्यपाल ने आत्मीय संवाद किया। लखपति दीदी श्रीमती देवकुमारी साहू ने राज्यपाल को बताया कि वे बिहान योजना से जुड़कर सेंट्रिंग और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का कार्य करती हैं, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार और स्थायी आमदनी मिल रही है। उन्होंने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक सुधार हुआ है और अब वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी दिला पा रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, मुख्य वन संरक्षक श्रीमती सतोविशा समाजदार, धमतरी जिले के कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, वनमण्डलाधिकारी एवं वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**प्राकृतिक सुंदरता के लिए समिति का गठन:** इको-टूरिज्म समिति के सदस्य श्री माधव सिंह मरकाम ने राज्यपाल को बताया कि जबर्रा ग्राम की प्राकृतिक सुंदरता



को प्रदर्शित करने के लिए समिति गठित की गई है, जिससे देश-विदेश के पर्यटक यहां आकर्षित हो रहे हैं। समिति के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार प्राप्त हुआ है और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**डेका ने पत्ते पर की गई कलात्मक आकृति की सराहना:** नगरी विकासखंड के लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्ते पर उकेरी गई शेर की कलात्मक आकृति राज्यपाल डेका को भेंट की। राज्यपाल ने उनकी कला की प्रशंसा करते हुए आकृतियों के निर्माण में लगने वाले समय और उनकी कीमत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विकास को पत्ते पर और भी कलात्मक आकृति तैयार करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं उनकी कृतियों को खरीदने की इच्छा भी व्यक्त की। राज्यपाल श्री डेका ने महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ आत्मीयतापूर्ण संवाद करते हुए समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और उनके साथ स्मृति स्वरूप छायाचित्र भी लिए।

## मनेंद्रगढ़ सिविल अस्पताल में लगातार बढ़ रही हैं स्वास्थ्य सुविधाएं



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के निरंतर प्रयासों से मनेंद्रगढ़ सिविल अस्पताल ने जुलाई से सितंबर 2025 की अवधि में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। अस्पताल की त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में कुल 1827 मरीजों को उपचार एवं देखभाल की सुविधा प्रदान की गई। यह उपलब्धि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सतत सुदृढ़ीकरण और आमजन में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित मामलों की संख्या सबसे अधिक रही। इस अवधि में 596 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (NC और 375 प्रसवोत्तर माताओं की देखभाल (PNC) की गई। यह आंकड़ा दर्शाता है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता लगातार बढ़ रही है। सामान्य बीमारियों के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों में भी अस्पताल की चिकित्सा टीम ने त्वरित और प्रभावी सेवाएँ प्रदान कीं। एनीमिया के 150 , बुखार के 201, सड़क दुर्घटना (RT) के 40, सर्पदंश के 53, भालू हमले के 5, विषाक्तता के 9 तथा जलने के 6 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया।

# पशु शेड गौ पालक रामफल के लिए बना आमदनी का जरिया

## पशु शेड के निर्माण से संपन्न हो रहे हितग्राही

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** सुविधा एवं साधन विहीन ऐसे हितग्राही जो जीवन में आगे बढ़ने की ललक रखते है उनके लिए सफलताओं का मार्ग भी प्रशस्त होता है। व्यवसाय करने के लिए शासकीय योजनाओं से जुड़कर सफलता के द्वार खुलते है और लक्ष्य की प्राप्ति तब और सूखद अनुभव में परिलक्षित होता है जब मन चाहा काम पूरा हो जाता है। ऐसी ही कहानी है कबीरधाम ज़िले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत चारभाठाखुर्द के हितग्राही श्री रामफल पिता श्री विश्राम की। महात्मा गांधी नरेगा योजना में दैनिक मजदूरी से अपना जीवन-यापन करने वाले श्री रामफल का सपना छोटा सा व्यवसाय करने का था। गौ पालक बनकर आगे बढ़ने की इच्छा थी लेकिन संसाधनों की कमी आड़े आ रही थी। समस्याओं का समाधान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से निकला। जिसमें पशु शेड का निर्माण करने से व्यवसाय ने गति पकड़ी और बढ़ती आमदनी से जीवन आसान हो गया। पशु शेड बन जाने से गौ माता को सभी मौसमों में सुरक्षित रखने की सुविधा अलग से मिल गई।

पशु शेड नहीं होने से अनेकों परेशानियां थी जिसमें प्रमुख रूप से सभी मौसमों से पशुधन को बचाना। खुले में पशुधन रहने के कारण यहा वहां चले जाना, किचड़ एवं गंदगी के कारण गायों को होने वाली बिमारियां और साथ ही इस पर होने वाले खरचो की परेशानी बनी रहती थी। पशु शेड़ बनने के पहले शुरूआत में आमदनी कम हुआ करती थी और पशुधन के देखरेख में ज्यादा पैसे खर्च हो जाते थे। इन सभी समस्याओं का समाधान पशु पालन शेड निर्माण के रूप में स्थायी तौर पर हो गया।

**पशुशेड निर्माण कार्य पर एक नजर:** हितग्राही श्री रामफल को अपने पंचायत से पता चला कि महात्मा गांधी नरेगा योजना की सहायता से उनके पशुधन के लिए पक्का शेड निशुल्क बनाया जा सकता है। फिर क्या था उनकी मांग एवं समस्याओं को देखकर ग्राम पंचायत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा इसका हल निकाला। पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर पशु शेड निर्माण कार्य 68 हजार 500 रूपए राशि से स्वीकृत कराया गया। स्वीकृति पश्चात् माह अक्टुबर 2023 को पशु शेड निर्माण प्रारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ होने पर ऐसा लगा जैसे व्यवसाय में आगे बढ़ने का रास्ता खुल गया हो। देखते ही देखते लगभग एक माह के अल्प समय में निर्माण कार्य पूरा हो गया। पशु शेड निर्माण में स्वंय हितग्राही को 48 दिवस का रोजगार मिला साथ ही 12 मानव दिवस का रोजगार सृजन करते हुए अन्य परिवारो सहित सभी ग्रामीणों को मजदूरी के रूप में 7 हजार 500 रूपए प्राप्त हुए।



पशुशेड का महत्व श्री रामफल बहुत अच्छे से जानते थे क्योंकि यही वह जगह है जो उनके व्यवसाय को समय के साथ आगे बढ़ाने में प्रमुख योगदान देकर आजिविका को आगे बढ़ाने का सपना सच होता दिख रहा है। पक्का एवं हवादार पशु शेड बन जाने से व्यवसाय में प्रगति हो रहीं है। 3 से 4 हजार रूपए प्रतिमाह की आमदनी दुध बेचकर होने लगा साथ मे घर के लिए भी दूध मिल रहा है। सारा व्यवसाय अपने घर से संचालित करने की खुशी अलग से।आजीविका के नए साधन बन जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और समाज में प्रतिष्ठा बढ़ रही है। आमदनी परिवार के बहुत काम आ रहा है। जिसमें छोटी सी 2 एकड़ के खेतीहर भूमि में उपयोग कर कृषक कार्य कर रहें और अलग से आमदनी का स्त्रोत बन रहा है।

## विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को दूर करने हेल्पलाइन सेवा का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक संतुलन को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को दूर करने हेतु एक विशेष हेल्पलाइन सेवा प्रारंभ की जा रही है। देश में आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव को देखते हुए मण्डल ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है द्य इस हेल्पलाइन से विद्यार्थी अपने मानसिक तनाव, घबराहट या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त कर सकेंगे। यह हेल्पलाइन सेवा माध्यमिक शिक्षा मण्डल कार्यालय, रायपुर में संचालित की जाएगी। विद्यार्थी टोल फ्री नम्बर 1800-233-4363 पर प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस सेवा का शुभारंभ 31 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। इस अवधि में योग्य मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्सक विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल का यह प्रयास विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय एवं सकारात्मक पहल है।

## छठ पर्व की तैयारी का लिया जायजा– मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया भटगांव छठ घाट का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज भटगांव के दुर्गा मंदिर के समीप स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं ताकि छठ महापर्व शांति, सौहार्द और श्रद्धा के साथ संपन्न हो सके।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने घाट की साफ-सफाई, जल स्तर, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन की सुगमता का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि घाट पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, साउंड सिस्टम और शुद्ध पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति का अत्यंत पवित्र पर्व है, जो सूर्य उपासना और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। इस पर्व में महिलाएं निर्जला उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करती हैं। अतः इस आयोजन में स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बैजनाथपुर जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** सूरजपुर जिले के ग्राम बैजनाथपुर (ब) स्थित बैजनाथपुर जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के करकमलों से संपन्न हुआ।मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली और सिंचाई संसाधनों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। बैजनाथपुर जलाशय का जीर्णोद्धार क्षेत्र के किसानों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित करेगा और कृषि उत्पादन को नई गति देगा।

सन् 1977 ई. में निर्मित यह जलाशय अब लगभग 48 वर्ष पुराना है। यह जलाशय लंबे समय से क्षेत्र के किसानों को खरीफ फसल के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करता रहा है। बांध की कुल लंबाई 855 मीटर है तथा इसकी जल भराव क्षमता 19.76 मिलियन क्यूबिक फीट है। जलाशय से निकलने वाली 2250 मीटर लंबी नहर के माध्यम से लगभग 182 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है, जिससे करीब 2600 से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिलता है।प्रदेश सरकार द्वारा इस जलाशय के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु 222.79 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। कार्य पूर्ण होने पर जलाशय की जलसंचयन क्षमता में वृद्धि होगी और सिंचाई व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सिंचाई रकबे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी, 40 हजार से अधिक किसान ले रहे लाभ

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में कोरिया जिले ने सिंचाई के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। पिछले 25 वर्षों में जिले की कुल सिंचित रकबा में ढाई गुना से अधिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 में जिले का सिंचित रकबा 18 हजार 13 हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 21 हजार 102 हेक्टेयर तक पहुँच गया है।

**सिंचाई प्रतिशत अब बढ़कर 34.55 प्रतिशत हो गई:** यह वृद्धि जिले की कृषि व्यवस्था और जल संसाधन प्रबंधन में आए सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाती है। यदि सिंचाई प्रतिशत की बात करें तो यह वर्ष 2000 में 13.72 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 34.55 प्रतिशत हो गई है।

**रबी सिंचाई रकबा बढ़कर 5 हजार 469 हेक्टेयर:** कोरिया जिले में रबी फसलों के सिंचाई रकबे में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में जहाँ मात्र 3 हजार 595 हेक्टेयर में रबी फसलों को सिंचाई सुविधा प्राप्त थी, वहीं अब यह क्षेत्र बढ़कर 5 हजार 469 हेक्टेयर तक पहुँच गया है।

**2 मध्यम और 58 लघु परियोजनाएँ:** जल संसाधन संभाग, बैकुंठपुर के अनुसार, वर्ष 2000 में जिले में 1 मध्यम और 63 लघु सिंचाई परियोजनाएँ संचालित थीं। वर्तमान में 2025 में यह संख्या 2 मध्यम और 58 लघु परियोजनाओं तक है। इस बीच अविभाजित कोरिया जिले की 43 लघु परियोजनाएँ नवगठित मनेंद्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर जिले को हस्तांतरित की गई हैं।

**अब 40 हजार 210 किसान लाभान्वित:** वर्ष 2000 में 28 हजार 619 किसान सिंचाई परियोजनाओं से लाभान्वित हो रहे थे, जबकि अब लाभान्वित किसानों की यह संख्या बढ़कर 40 हजार 210 तक पहुँच गई है। जिले में वर्तमान में कुल 60 सिंचाई परियोजनाएँ संचालित हैं, जिनमें से 2 प्रमुख हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा